सुप्रभात
रांची, गुरुवार
17.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
बैसाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 272



12 डियोर शो में सोनम कपूर ने बिखेरा जलवा

## न्यूज डायरी

### सिंदरी में अमोनिया गैस रिसाव से लोगों में दहशत

**धनबाद।** सिंदरी स्थित हर्ल फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव से लोगों में दहशत फैल गयी है। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में भी दिक्कत के साथ कई और परेशानी होने लगी। इस मामले की जानकारी डीसी और सीओ को दी गयी। इस संबंध में हर्ल के जीएम मंजी ने बताया कि पिछले दो दिनों से हर्ल फैक्ट्री बंद है। उत्पादन पूरी तरह बंद है। मेंटेनेंस का काम चल रहा है। संभव है इसी क्रम में पाइप की मरम्मत करते समय कुछ अमोनिया लीक हो गया है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### घर में बज रही थी शादी की शहनाई, पुलिस ने रोकी

**हजारीबाग।** जिले में एक दिन में चार ऐसे मामले सामने आये, जहां नाबालिग बच्चियों को बाल विवाह से बचाया गया। टाटीझरिया में बाल संरक्षण टीम और प्रशासन की मदद से बाल विवाह से महज एक घंटे पहले एक बच्ची को बचाया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग में बुधवार को चार बच्चियों को उनका भविष्य बर्बाद होने से पहले बचाया गया। इनमें से एक टाटीझरिया प्रखंड की थी। वहीं विष्णुगढ़ प्रखंड के अलखरीखुर्द गांव की नाबालिग बच्ची को बाल विवाह से बचाया गया। उसकी शादी 19 अप्रैल को बगोदर में होनी थी।

### झारखंड को पड़ोसी राज्यों से काफी कम मिला अनाज

**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत झारखंड को पड़ोसी राज्यों से कम अनाज मिला है। राज्य को गेहूं और चावल मिलाकर कुल 1,45,999 .45 मीट्रिक टन ही अनाज मिला है, जो बिहार, मध्यप्रदेश और ओड़िशा सहित अन्य राज्यों से कहीं कम है। पड़ोसी राज्य बिहार को 4,60,591.70 मीट्रिक टन, मध्यप्रदेश को 2,91,149 .57 मीट्रिक टन और ओड़िशा को 1,87,651.95 मीट्रिक टन अनाज केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश को 8,26,056 .23 मीट्रिक टन अनाज दिया गया, जबकि 460591.70 मिट्रिक टन अनाज आवंटन के साथ बिहार दूसरे नंबर पर है। अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले अनाज में भी कटौती की गयी है।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा की जांच के लिए समिति गठित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग-एनसीडब्ल्यू ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की जांच के लिए जांच समिति का गठन किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति मुर्शिदाबाद में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी और स्थानीय पीड़ितों तथा उनके परिवारों से बातचीत करेगी। बता दें कि आयोग ने मुर्शिदाबाद जिले के मंदिरपारा इलाके में सांप्रदायिक अशांति के दौरान कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है।

### अध्यक्ष बनने के बाद झामुमो कार्यालय पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

# पार्टी कार्यालय में हर सप्ताह एक मंत्री जनता की सुनेंगे शिकायत

**झामुमो की पहल**

- पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो को हर स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

मैं सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और झारखंडवासियों से वादा करता हूं कि आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। मैं झामुमो की सर्वोच्च सोच को दोहराता हूं कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज, राज्य और देश का निर्माण करें, जहां समानता हो, न्याय हो, और हर नागरिक को गौरवपूर्ण जीवन मिले : *हेमंत सोरेन*

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद बुधवार को पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचे। पार्टी कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री करीब एक घंटे तक रहे और आगे की रणनीति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान श्री सोरेन ने साफ तौर पर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को हर स्तर पर मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वे पहली बार पार्टी दफ्तर पहुंचे हैं। वे अब यहां हमेशा आयेंगे।

हेमंत सोरेन के पार्टी कार्यालय से जाने के बाद झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के निर्देश पर पार्टी दफ्तर में सप्ताह में एक दिन झामुमो कोटे के एक मंत्री बैठेंगे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का तत्काल निबटारा किया जा सके।



पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करते सीएम हेमंत सोरेन।

### सीएम हेमंत सोरेन ने आम लोगों की समस्यायें सुनीं, समाधान का निर्देश



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित आवासीय परिसर में बुधवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री एक-एक लोगों से मिले और उनकी परेशानियों को जाना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

### झारखंड के हर गरीब, वंचित और युवाओं की बनूंगा आवाज...



सीएम ने कहा कि आज जब मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मेरे मन में अनेक भावनाएं उमड़ रही हैं। यह कोई साधारण पद नहीं, बल्कि झारखंड की जनता के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। हमारे संरक्षक शिबू सोरेन ने जिन विचारधाराओं की छांव तले झामुमो की नींव रखी थी, आज उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं और प्रण लेता हूं कि झारखंड के हर गांव, हर गरीब, हर वंचित और हर युवा की आवाज बनूंगा। हमारी पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा है, हमारा संकल्प अडिग है। आज फिर से हमें एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता, विकास और न्याय के लिए संघर्ष करना है।

### सीएजेआई संजीव खन्ना ने नाम की सिफारिश की

# जस्टिस बीआर गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपने उत्तराधिकारी के रूप में न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के नाम की सिफारिश की है। यह सीजेआई द्वारा अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को नामित करने की स्थापित परंपरा के अनुसार है। बता दें कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर लगभग छह महीने के कार्यकाल



के बाद सीजेआई खन्ना 13 मई को पद मुक्त हो जाएंगे। वहीं 53वें सीजेआई बनने की दौड़ में शामिल न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का कार्यकाल 6 महीने से अधिक होगा और वे 23 नवंबर, 2025 को पद से मुक्त होंगे।

### अब चलती ट्रेन में भी होगी कैश निकासी


**नयी दिल्ली।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश का पहला ट्रेन एटीएम स्थापित किया है। इस सुविधा के बाद, यात्री चलती ट्रेन में आसानी से कैश निकाल सकते हैं। एटीएम को ट्रेन के एसी कोच में स्थापित किया गया है और इसका ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। कैश निकासी के अलावा, एटीएम से चेक बुक ऑर्डर करने और खाता विवरण प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। रेलवे के अनुसार यदि यह सेवा यात्रियों में लोकप्रिय हो जाती है तो इसे और अधिक ट्रेनों में विस्तारित किया जा सकता है। ( पेज 12 भी देखें)

### मिला पॉलिटिक्ल क्लीयरेंस, 11 सदस्यीय टीम भी जायेगी साथ

# 18 को स्वीडन और फ्रांस की यात्रा पर रवाना होंगे सीएम हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जायेगी। टीम 18 अप्रैल को रांची से विदेश यात्रा के लिए रवाना होगी और 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी। यात्रा का पॉलिटिकल क्लीयरेंस मिल गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में निवेश आकर्षित करना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।



सीएम के इस दौरे को आयोजित करने के लिए पुणे की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 3.50 करोड़ रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान किया जायेगा। विदेश यात्रा पर जाने वालों में सीएम हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सेवानिवृत आईएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआईआईडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल, सीएम के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह हैं।

### एनएचएम की समीक्षा बैठक में बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# स्वास्थ्य सेवा में नहीं चलेगी कोताही व फर्जीवाड़ा, काम नहीं तो कुर्सी भी नहीं

**चिकित्सीय सुधार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक में सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य विभाग इमरजेंसी सेवा के दायरे में आता है, ऐसे में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पुरानी योजनाओं की धीमी प्रगति को देखते हुए मंत्री ने जीएम प्रोक्योरमेंट नील रंजन सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का आदेश दिया। उन्होंने दो टूक कहा, जो काम नहीं करेगा, वह विभाग में नहीं रहेगा।



डॉ. अंसारी ने डायलिसिस कार्यक्रम में फर्जी बिलिंग और आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कड़ी जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। विभाग को साफ-सुथरा काम चाहिए।

**भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव, बेरोजगारों को मिलेगा सीधा लाभ**

स्वास्थ्य मंत्री ने एनएचएम की भर्ती प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि गैर-तकनीकी पदों पर कार्य अनुभव की अनिवार्यता हटायें ताकि ज्यादा से ज्यादा राज्य के युवाओं को अवसर मिल सके।

**स्वास्थ्य सहियाओं को तकनीकी सशक्तिकरण और सम्मान** : सहिया बहनों के काम की सराहना करते हुए डॉ. अंसारी ने हर जिले में सहिया सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सहिया बहनों को शीघ्र टैब उपलब्ध कराने व प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का आदेश भी दिया।

**बुनियादी ढांचे को मिलेगा और मजबूती** : स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी अस्पतालों में उपकरणों की आवश्यक सूची आईपीएच मानकों के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि 5500 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। वहीं स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए मंत्री ने मीडिया कोऑर्डिनेशन कमिटी के गठन का निर्देश दिया है।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के मामले में 30 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में दर्ज शिकायत पर अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 30 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में उपस्थिति की तारीख पूर्व से निर्धारित थी, लेकिन वे नहीं पहुंचे। एमपी-एमएलए कोर्ट ने 24 फरवरी मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज के बारे में इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिये उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी। अदालत मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है।

### वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज भी सुनवाई

# वक्फ पर हिंसा टेंशन बढ़ाने और परेशान करने वाली : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) कानून की संवैधानिक वैद्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट प. बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा पर कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर हिंसा टेंशन बढ़ाने और परेशान करनेवाली है। ऐसे समय में हिंसा हो रही है, जब मामला कोर्ट में है। बता दें कि प. बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई थी और हिंदू परिवारों को पलायन करना पड़ा था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में गुरुवार को भी सुनवाई करेगी।

#### केंद्र बताये- हिंदू धर्मबोर्ड में गैर हिंदू शामिल होंगे



सीजेआइ ने कहा, जब हम यहां निर्णय लेने के लिए बैठते हैं, तो हम अपना धर्म अलग रख देते हैं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं। हम एक ऐसे बोर्ड की बात कर रहे हैं जो धार्मिक मामलों का प्रबंधन कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। क्या गैर हिंदू-हिंदू धार्मिक बोर्ड का हिस्सा होंगे। सीजेआई ने कहा, दो पहलू हैं जिन पर हम दोनों पक्षों से विचार करने के लिए कहना चाहते हैं। पहला, क्या हमें इसे सुनना चाहिए या इसे हाई कोर्ट को सौंप देना चाहिए। दूसरा, संक्षेप में बतायें कि आप वास्तव में क्या आग्रह कर रहे हैं और क्या तर्क देना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से अंतरिम आदेश देने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट में मुस्लिम उत्तराधिकारों में हस्तक्षेप है। यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल के साथ राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी और सी यू सिंह पेश हुए। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। याचिका में तर्क दिये गये हैं कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का सरासर उल्लंघन करता है।

## कार्टून कोना




### आयोजन स्थल की भी हुई घोषणा, लॉस एंजेलिस में होंगे खेल

# 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक खेलों में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होने जा रही है। इसके लिए अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया के पोमोना शहर में खास अस्थायी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जो इस खेल का आयोजन स्थल होगा। ओलंपिक आयोजक समिति ने इसकी घोषणा की। यह आयोजन स्थल फेयरप्लेक्स कहलाता है, जो 500 एकड़ में फैला हुआ है और 1922 से लॉस एंजेलिस काउंटी फेयर की मेजबानी कर रहा है।

**14 से 30 जुलाई तक होंगे ओलंपिक 2028 :** लॉस एंजेलिस में 14 जुलाई से 30 जुलाई 2028 तक होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट 1900 के बाद पहली बार शामिल होगा। तब ग्रेट ब्रिटेन और




फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब क्रिकेट का आयोजन तेज-तर्रार और रोमांचक टी-20 फॉर्मेट में होगा, जिससे दुनियाभर के नए दर्शकों को जोड़ने की कोशिश होगी।

**इन नये खेलों को भी मिली जगह :** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के अलावा बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस (सिक्सेस) और स्क्वैश को भी जगह मिली है। उम्मीद जतायी जा रही है कि 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक में भी क्रिकेट को बरकरार रखा जायेगा। वहां गाबा स्टेडियम के आखिरी मैच के तौर पर क्रिकेट फाइनल कराने की योजना है, इसके बाद स्टेडियम को तोड़ने की तैयारी है।

#### पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 टीमें भाग लेंगी

2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग में कुल 6-6 टीमें खेलेंगी। इसके लिए क्रिकेट को 90 एथलीट कोटा मिला है, यानी हर टीम में 15 खिलाड़ियों का स्क्वाड होगा। हालांकि क्वालिफाइंग रास्ता और कट-ऑफ्स का ऐलान अभी नहीं हुआ है। इसे लेकर आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हम क्रिकेट के लिए ओलंपिक में वेन्यू की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह हमारे खेल की ओलंपिक में वापसी की तैयारी की दिशा में एक अहम कदम है। क्रिकेट वैसे तो एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन ओलंपिक जैसे मंच पर टी-20 फॉर्मेट में खेलना नये-नये ऑडियंस तक पहुंचने का शानदार अवसर होगा।

### विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत : मार्क मोबियस

**नयी दिल्ली।** जाने-माने निवेशक मार्क मोबियस ने बुधवार को कहा कि भारत में केवल दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ही नहीं, बल्कि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भी पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अगर भारत वर्तमान नीति स्थिरता और आर्थिक मजबूती के रास्ते पर चलता रहा, तो यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने कुछ ही वर्षों में शानदार प्रगति की है और वह 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं स्थान पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा अनुमानों के मुताबिक भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) इस वर्ष 4.3 ट्रिलियन डॉलर होगा, जो जापान के 4.4 ट्रिलियन और जर्मनी के 4.9 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा पीछे है। अनुमान है कि भारत इस साल जापान को और 2027 तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया देंगे सौगात

# रांची में 220 बेड के ईएसआई अस्पताल का आज उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया गुरुवार को रांची के नामकुम में नए ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि 220 बेड वाले इस अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। अस्पताल में तीन आधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी है। इसमें 34 सामान्य वार्ड, 6 आइसोलेशन वार्ड, और 40 ओपीडी कमरे हैं।

श्रम मंत्रालय के मुताबिक यह नया अस्पताल झारखंड के 5 लाख से ज्यादा बीमित कर्मचारियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देगा। लगभग 99.06 करोड़ रुपये की लागत से बना यह अस्पताल 17,559 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। अस्पताल में ओपीडी, इनडोर, सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, डेंटल और अन्य सहायक सेवाएं उपलब्ध होंगी। अब यहां विशेषज्ञ और सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

# नेशनल हेराल्ड मामला: चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का ईडी कार्यालय समक्ष प्रदर्शन

## लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही : के राजू






खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक समय था जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नाम सुनते ही राजनेताओं की हवा निकल जाती थी। परंतु आज वही राजनेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ ईडी ऑफिस के सामने धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को रांची में ईडी कार्यालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड प्रभारी के. राजू ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन फिर से यह मामला उठाया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी की सक्रियता से बौखला गए हैं।

### किसी राज्य में चुनाव आते ही ईडी सक्रिय हो जाती है : केशव महतो कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब भी देश के किसी राज्य में चुनाव आते हैं, भाजपा की ईडी सक्रिय हो जाती है ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों को अपने दल में शामिल कर रखा है और विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।

### विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात : सिरिवेला प्रसाद

झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। भाजपा नफरत फैलाकर देश को गुमराह कर रही है।

### कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी।

**बस पर सवार होकर धरना-प्रदर्शन को पहुंचे थे नेता :** इससे पूर्व ईडी ऑफिस का घेराव करने कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता बस पर सवार होकर धरना-प्रदर्शन को हिनू स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे थे। लगभग 4 घंटे तक कांग्रेसी ईडी ऑफिस के बाहर धरना पर बैठे रहे।

इस प्रदर्शन में अनादि ब्रह्म, प्रदीप तुलस्यान, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज, सोनाल शांति, सुरेन्द्र सिंह, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, गजेंद्र सिंह शशिभूषण राय, जगदीश साहु, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, ईश्वर आनंद, एम तौसीफ, बेलस तिर्की, निरंजन पासवान, केके गिरी, अरूण साहु, इन्दिरा तुरी, धर्मराज राम, जगरनाथ साहु, राजू राम, शहबाज अहमद, फिरोज रिज्वी, योगेन्द्र सिंह बेनी, अर्चना मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में कहा-

# कांग्रेस पार्टी चोरी करती है और लूट छिपाने के लिए सीनाजोरी भी



- कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस पर निशाना साधा है। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किये जाने के बाद उसके नेता बौखला गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी करती है और धरना प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिये सीनाजोरी भी करती है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को 1937 में शुरू किया गया था। शुरुआत में इसके 5 हजार शेयर होल्डर्स थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान का जागीर नहीं रहा। इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था।

### हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को दिये करोड़ों के विज्ञापन

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देकर झारखंड के गरीबों के पैसे को लुटवाया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के विज्ञापन नेशनल हेराल्ड को हेमंत सरकार ने दिया है। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे 13 अगस्त 2023 और 21 जनवरी 2024 को झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के फोटो सहित छपे विज्ञापन की जांच करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपने निजी व्यापार में बदल दिया और अपना एटीएम बना लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा इसकी घोर भर्त्सना करती है। कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह देश की विधिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन है। इस अवसर पर अजय शाह एवं शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।


**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting RFP (3rd Call) for Engineering, Procurement & Construction (EPC)**

**Ref No: SHAJ/Tech/Patratu/Nalkari River Bridge/2024/378 Date:16.04.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **"Construction of H. L. Bridge over Nalkari River under Patratu Block in Ramgarh District" in the State of Jharkhand.** The approximate cost of the work is Rs. **9.27** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **21.04.2025 (03:00 P.M.) to 06.05.2025 (upto 12:30 P.M.).**
The complete RFP Application shall be submitted online by **06.05.2025 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **07.05.2025 (at 12:30 PM).**
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 9.27 Lakh (Rs. Nine Lakhs Twenty Seven Thousand) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.
4. **The cost of the work and Bid Security (EMD) may change.**

**Sd/-Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar (Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

PR 350456 (State Highway Authority of Jharkhand)25-26*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया** प्रपत्र संख्या–1

**अति अल्पकालीन ई– निविदा (द्वितीय आमंत्रण)**
निविदा संख्या :- 04/JMT/2025-26 दिनांक 16-04-2025

| क्र0 सं0 | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26 (2nd Call) | JMT/ URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | | 19-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | | 26-04-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 26-04-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | 28-04-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 350510 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 02/2025–26**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.04.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Repair Work of Staff Quarter (Jailor Residence ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 28,90,500/- | 58,000/ - | 5,000/ - | 02 (Two ) Months |
| 2 | Repair work of Staff Quarter (Zila Police Barrack ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 20,48,100/- | 41,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 3 | Renovation work of ITI Hostel Building at Barwadih in Latehar District. | 30,31,050/- | 61,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 4 | Renovation work of ITI Main Building at Barwadih in Latehar District. | 20,80,200/- | 42,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, लातेहार

PR 350431 Building(25-26).D


# बेवजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ नपेंगे : मंत्री

- एक्शन में दीपक बिरूआ, कहा- सभी सीओ समय से कार्यालय आयें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने सभी अंचल अधिकारियों (सीओ) को सख्त निर्देश दिया है कि वे निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी ही कार्यालय में नहीं रहेंगे, तो आम लोगों का काम कैसे होगा। साथ ही यह भी कहा कि बेवजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इसे लेकर इसी महीने प्रोजेक्ट भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विभाग की तरफ से कुछ कड़े फैसले लिए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर समीक्षा के बाद कई अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य स्तरीय बैठक में लिए जाएंगे अहम फैसले

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ इसी महीने राज्य के सभी सीओ और एलआरडीसी के साथ राज्य स्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अहम फैसले लिए जा सकते हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि बिना वजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ पर कार्रवाई होगी।

# झारखंड में 21 अप्रैल तक वज्रपात के साथ बारिश, येलो अलर्ट जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 21 अप्रैल तक आंधी-तूफान, गरज व वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। 17 अप्रैल को भी राज्य के 18 जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। बारिश के दौरान गरज और वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मौसम कूल हो गया है। गर्मी से लोगों को निजात मिली है।

### पिछले 24 घंटे में मौसम का हाल

पिछले 24 घंटों में झारखंड में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आंधी-तूफान और बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश खूंटी में 42 मिलीमीटर दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान धनबाद में 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## आईटी सचिव पूजा सिंघल ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

**रांची।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रही सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग की सचिव पूजा सिंघल बुधवार को अपने पति अभिषेक झा के साथ पीएमएलए कोर्ट पहुंचीं। मामले में बुधवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। वहीं मामले में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश किया गया। मामले में ईडी की ओर से सबूत प्रस्तुत किया जा रहा है। लेकिन, अभिप्रमाणित दस्तावेज निरीक्षण किये जाने के कारण मामला लंबित चल रहा है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 अप्रैल निर्धारित की है। मालूम हो कि पूजा सिंघल के जेल से निकलने के बाद राज्य सरकार ने उनका निलंबन वापस करते हुये महत्वपूर्ण पद दिया है।

## टीएसी की बैठक स्थगित

**रांची।** ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल(टीएसी) की बुधवार को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी। मंगलवार की देर रात इसकी सूचना टीएसी के सदस्यों को दी गयी। सदस्यों को कहा गया कि 16 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, एनेक्सी भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदात्री समिति की होने वाली बैठक अपरिहार्य कारण वश स्थगित कर दी गयी है। बताते चलें कि सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक होनी थी।

# राज्य के कार्डधारियों के लिए सरकार खरीदेगी 27 हजार क्विंटल चीनी

- चीनी की खरीद के लिए टेंडर जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के राशन कार्डधारियों को अप्रैल से जून तक चीनी मिलेगी। इसके लिए 27 हजार क्विंटल चीनी खरीदी जायेगी। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (हजारीबाग) को 7527 क्विंटल, दक्षिणी छोनागपुर प्रमंडल (रांची) को 5959 क्विंटल, कोल्हान को 5557 क्विंटल, संथाल परगना को 5069 क्विंटल और पलामू प्रमंडल को 2701 क्विंटल चीनी आवंटित किया जायेगा। इसके लिए प्रीबिड मीटिंग 21 अप्रैल को होगी।

**ई-केवाइसी नहीं कराने वाले को नहीं मिलेगी चीनी :** ई-केवाइसी नहीं कराने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को राशन मिलने की सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे में कार्डधारकों को समय रहते यह प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गयी है।

**किस जिले को कितनी मिलेगी चीनी**

| जिला | (क्विंटल में) | जिला | (क्विंटल में) | जिला | (क्विंटल में) |
|---|---|---|---|---|---|
| पलामू | 1362 | बोकारो | 651 | रांची | 3059 |
| गढ़वा | 904 | धनबाद | 984 | खूंटी | 996 |
| लातेहार | 435 | प. सिंहभूम | 2863 | देवघर | 453 |
| चतरा | 1156 | सरायकेला-खरसांवा | 1012 | जामताड़ा | 538 |
| हजारीबाग | 1613 | पूर्वी सिंहभूम | 1682 | दुमका | 1446 |
| कोडरमा | 488 | लोहरदगा | 419 | पाकुड़ | 593 |
| गिरिडीह | 2043 | गुमला | 971 | गोड्डा | 838 |
| रामगढ़ | 592 | सिमडेगा | 514 | साहेबगंज | 1201 |

# पूरे झारखंड में हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

## सभी जिलों में पुलिस एवं प्रशासन की टीमों ने सुनी 2109 लोगों की समस्या





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी जिलों में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा 2109 लोगों की समस्या सुनी गई। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जानकारी देते हुए कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की इस पहल से जनता और पुलिस के बीच विश्वास की मजबूत नींव को तैयार करना, साथ ही पीड़ित, महिलाओं, बच्चों, कमजोर वर्गों और बुजूर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना, पुलिस की पहुंच को ग्रामीण और दूर दराज क्षेत्रों में सुलभ बनाना और आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाना है।

**जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आम लोगों को जानकारी दी गई :** महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताया गया।

नये अपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआईआर और ऑनलाइन एफआईआर करने के प्रणाली डायल '-112 और डायल-1930 (साईबर फ्रॉड) के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक किया गया। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए एससी-एसटी अत्याचार निवारक अधिनियम के तहत दर्ज काण्डों में यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

क्षेत्र में होने वाले संपत्तिमूलक अपराध जैसे-साईबर अपराध और अवैध रूप से नागरिकों से ठगी करने वाली चिटफंड कम्पनियों आदि की रोकथाम एवं उससे संबंधित दर्ज कांडों में त्वरित गति से अग्रेतर कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

**इन जिलों में सुनी गई इतने लोगों की समस्या**

| जिला | संख्या | जिला | संख्या | जिला | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 256 | कोडरमा | 46 | जामताड़ा | 72 |
| खूंटी | 14 | गिरिडीह | 133 | पाकुड | 32 |
| सिमडेगा | 74 | बोकारो | 130 | साहेबगंज | 172 |
| लोहरदगा | 37 | धनबाद | 156 | देवघर | 24 |
| गुमला | 48 | लातेहार | 116 | गोड्डा | 71 |
| रामगढ़ | 52 | पलामू | 107 | चाईबासा | 16 |
| हजारीबाग | 95 | गढ़वा | 115 | जमशेदपुर | 73 |
| चतरा | 52 | दुमका | 139 | सराइकेला | 79 |

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
गुरुवार 17.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 354
epaper.khabarmantra.net



स्पीड न्यूज

### सीआईएसएफ फायर विंग ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया




**मैथन।** डीवीसी मैथन में सीआईएसएफ इकाई की फायर विंग ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया। इस दौरान डीनोबिली स्कूल, मैथन में एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव अग्नि सुरक्षा कक्षा आयोजित की। जिसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आग की रोकथाम और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में शिक्षित करना था। सीआईएसएफ ने बच्चों को आग के प्रकार, अग्निशामक यंत्रों का उपयोग, निकासी प्रक्रिया और अग्निशमन उपकरणों के व्यावहारिक प्रदर्शन तथा ड्राइंग कंपटीशन जैसे आवश्यक विषयों को विस्तार से बताया। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आग से संबंधित आपात स्थितियों से निपटने के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त किया। मौके पर सीआईएसएफ के आरसी भगत, दीपक राभा, संतोष कुमार, कार्तिक वीएस, नेकीराम यादव आदि उपस्थित थे।

### फायर सेफ्टी की दी गई जानकारी

**धनबाद।** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग ने बुधवार को शहर के साधना हॉस्पिटल में जागरूकता चलाया। सर्वप्रथम मुंबई अग्निकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने अस्पताल के डॉक्टरों, कर्मचारियों और वहां मौजूद मरीज के परिजनों को आग से बचाव के उपाय और फायर सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। डॉ साधना और डॉ रामानुज कुमार ने अग्निशमन पदाधिकारी को सम्मानित किया। लाडो रानी संस्था के सदस्य भी उपस्थित रही। विभाग के कर्मी दीपक उरांव और मनीष कुमार ने सरहनीय योगदान दिया।

### पबिया में आज कलश यात्रा का आयोजन



**जामताड़ा।** नारायणपुर के पबिया में मां श्यामा पूजा समिति के द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन को आज गुरुवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें 1001 कलश में जल भरकर महिलाएं इस यात्रा में शामिल होंगी। इस कलश यात्रा की भव्य तैयारी पूरी कर ली गई है क्षेत्र में हर्ष का माहौल है डीजे गाजे बाजे के साथ प्रातः 7:00 बजे कलश यात्रा की शुरूआत की जाएगी। यह कलश यात्रा पबिया मां श्यामा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ की जायेगी जिसके बाद लोकोनिया मोड़ होते पबिया बड़ा बांध तालाब होते यज्ञ स्थल तक लाया जायेगा। आयोजन समिति के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर समाज में जागरुकता बेहद जरूरी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच लगाया। साथ ही उन्होंने एसएसपी एचपी जनार्दनन से भी उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर बैच लगाया।

उपायुक्त ने इस सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने अग्निकांडो से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक सेवा सप्ताह चलेगा।

उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है कि लोगो को यह जागरूक किया जा सके कि आग लग जाने पर उस पर कैसे काबू किया जाय। साथ ही सुरक्षा का क्या मानक होना चाहिए आदि बातों की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा वर्तमान में मौसम बहुत गर्म है, ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही बहुत बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती हैं। किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में जान-माल की नुकसान नहीं होने पाए इसके लिए अग्निशमन सेवा सफ्ताह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## प्रशिक्षण भवन डाइट पबिया में आयोजित जन शिकायत समाधान शिविर में 18 फरियादी मामले को लेकर पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** झारखंड पुलिस के द्वारा आम नागरिकों की समस्या का समाधान एवं त्वरित कार्यवाही हेतु प्रत्येक जिले में पुलिस के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जामताड़ा जिले के प्रशिक्षण भवन डाइट पबिया में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी उपस्थित रहें। जहां फरियादियों ने अपनी घरेलू हिंसा, मारपीट, जमीन का मामला, लोन माफी की समस्या एवं गिरफ्तारी के संबंध में शिविर में अपना आवेदन दाखिल किया, जहां उन्हें बाकायदा आवेदन का पावती रसीद भी दिया गया। वही पीड़िता रोशन जहां अपने पिता सनाउल अंसारी के साथ पति मुबारक मियां के द्वारा प्रताड़ित करने का मामला लेकर पहुंचा, उन्होंने आवेदन में कहां है कि उन्हें पति के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है पूर्व में भी थाना में मामला को लेकर आवेदन दिया था लेकिन पुलिस के द्वारा सुलहा कराया गया था परंतु पति मुबारक मियां अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। वही नारायणपुर थाना क्षेत्र के भगाबांध निवासी दिनेश यादव जन शिकायत समाधान शिविर का नाम सुन एक ही पर पर पहुंचे क्योंकि चार माह पूर्व दिनेश यादव का पैर काटना पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि वह 8 महीने से पैर में कैंसर बीमारी से ग्रसित था जिसके बाद उन्हें अपनी जान बचाने के लिए अपना पैर काटना पड़ा। हालांकि उपस्थित पदाधिकारीयों के द्वारा देखते ही पीड़ित को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्हें विकलांग पेंशन की जरूरत है जिसके लिए सर्टिफिकेट बनाने की आवश्यकता है। वहीं प्रशिक्षण भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में नारायणपुर प्रखंड से 10 और कमार्टांड़ प्रखंड से 8 मामले आए। जिसके निष्पादन के लिए सीडीपीओ ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। वही इस मौके पर कमार्टांड़ अंचल अधिकारी चुनालाल हेंब्रम, मनोज कुमार महतो, सर्किल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार यादव, प्रभारी अभय कुमार, अमर सिंह, साकेत प्रताप, अंचल निरीक्षक निरंजन कुमार, इसके साथ पीएलवी विजय कुमार, प्रदीप रजक, कार्तिक दत्ता, श्रीनाथ सोरेन आदि उपस्थित रहें।

# सिंदरी में अमोनिया के रिसाव से लोगों में दहशत आंखो में जलन और सांस लेने में हो रही परेशानी

### कई संगठनों ने जिला प्रशासन को कराया स्थिति से अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी में बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे अचानक अमोनिया गैस के रिसाव से लोगों में भय व्याप्त हो गया। हवा के प्रवाह के अनुरूप अमोनिया गैस का रिसाव उत्तर पश्चिम दिशा में लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में हुआ। आंखों मे जलन होने और सांस लेने में तकलीफ होते ही अमोनिया गैस के रिसाव की आशंका को देखते हुए लोगों में भय व्याप्त हो गया।

हर्ल के एच आर हेड विक्रांत कुमार ने बताया कि हर्ल मे 15 अप्रैल से दो सप्ताह का शटडाउन लिया गया है। जिससे प्लांट पूरी तरह बंद है। ऐसी आशंका है कि प्लांट मेंटेनेंस के कारण पाइप में बचा अमोनिया गैस हवा में फैल गया हो। हर्ल के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने बताया कि हर्ल के टेक्निकल सेल ने अमोनिया गैस के रिसाव की जांच की है। उन्होंने बताया कि जब प्लांट चालू रहता है तब फ्लेयर से अतिरिक्त गैस हवा में जल जाता है। परंतु प्लांट शटडाउन के कारण बंद था। इसलिए संभावना है कि पाइप लाइन का गैस हवा के साथ मिलकर रिसाव हुआ हो। यूनिट हेड ने बताया कि अमोनिया गैस के रिसाव की मात्रा कम थी और अब उस पर भी नियंत्रण कर लिया गया है। इसलिए चिंता की कोई जरूरत नही है। इस पर सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने हर्ल प्रबंधन, उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा और बलियापुर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह को गैस रिसाव की जानकारी दी। दीपक कुमार दीपू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हर्ल प्रबंधन ने जांच का आश्वासन दिया है। बलियापुर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उन्होने गैस रिसाव की सूचना जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को दे दी है। हालांकि प्रबंधन ने स्थिति को सामान्य कर लिया है।

## कतरास में बंगाली समुदाय के लोगों ने हर्षाल्लास के साथ मनाया पहला वैशाख



▶▶ विधायक ने लोगों को नव वर्ष की बधाई दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बंगाली समुदाय के लोगों ने मंगलवार को पोईला बोइशाख हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया। सिनेमा रोड स्थित काली मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए। विधायक ने मां काली की पूजा अर्चना की। पुजारी प्रदूत गोस्वामी व सपन चटर्जी ने पूरे विधि विधान से पूजन कराया। विधायक ने बंगाली समाज के लोगों को नव वर्ष की बधाई दिया। मंदिर समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच मिठाई का वितरण किया गया। बांग्ला नव वर्ष अप्रैल माह के मध्य में मनाया जाता है। इस दिन बंगाली समुदाय के लोग परिजनों के साथ अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा अर्चना करते हैं। नए वस्त्र पहनते हैं एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाते हैं। अपने परिजन रिश्तेदारों को इसकी शुभकामनाएं और बधाई देते हैं। मौके पर मंदिर कमेटी के मानिक दास, प्रफुल्ल चंद्र घोष, तपन राय, विजय चक्रवर्ती, बबलू बनर्जी, निर्मल होर, जयंतो बोस, सुमित दास आदि के अलावे काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रशीद अंसारी के रिश्तेदारों ने पत्रकार पर किया हमला

▶▶ फोटोग्राफर मो शाहिद के नाक में गंभीर चोटें आई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** एक बार फिर से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता पर हमला हुआ है। घटना में दैनिक जागरण के फोटोग्राफर मो शाहिद को नाक में गंभीर चोटें आई है उनका इलाज धनबाद सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना से पूर्व नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी का विरोध करने कांग्रेसी इकट्ठा हुए थे। जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक से आयकर गोलंबर तक मार्च करने के बाद वापस जब तमाम कांग्रेसी रणधीर वर्मा चौक पहुंचे तो आपस में किसी बात को लेकर मारपीट करने लगे।

इसी बीच जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी के बेटे और भाइयों ने लड़ते-लड़ते देखा कि फोटोग्राफर और अन्य मीडिया कर्मी उनका फोटो वीडियो फुटेज बना रहे हैं तो आपस में लड़ना छोड़कर मीडिया कर्मियों पर टूट पड़े और उनके साथ लाठी डंडे और रॉड से मारपीट की।

घटना में दैनिक जागरण के फोटोग्राफर शाहिद को सरिया से नाक में मारा गया और उनका कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। महासचिव अजय प्रसाद, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कैमरापर्सन संजय एवं अन्य पत्रकारों का मोबाइल छीन लिया गया। जान से मारने की धमकी दी गयी। बाद में जब पत्रकारों ने जोरदार विरोध किया तो हमलावर वहां से भाग खड़े हुए ।

घटना की सूचना धनबाद सदर थाने को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने पत्रकारों का बयान दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। इस बीच धनबाद प्रेस क्लब की आपात बैठक अध्यक्ष संजीव झा की अगुवाई में चल रही है, जिसमें आगे होने वाले आंदोलन के रणनीति पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

एक नजर में

### जोरापोखर में लगी पुलिस जनशिकायत शिविर में फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई



**जोड़ापोखर।** झारखंड पुलिस की पहल पर धनबाद पुलिस की ओर से जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा टाटा कम्युनीटी सेंटर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिंदरी के एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने किया। इस अवसर पर जोरापोखर के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, सिंदरी के संजय कुमार, झरिया के शशिरंजन, अंचल निरीक्षक पंकज भूषण, साइबर थाना प्रभारी उषा रानी सहित सिंदरी अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी एवं अधिकारी मुख्यरूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में भिन भिन थाना क्षेत्रों के फरियादियों ने अपनी शिकायत पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें झरिया में 5 जोरापोखर में 3, जिसमें चर्चा में रहा बलबिंद्र कौर का मामला जिसमें एक दबंग द्वारा घर को कब्जे में कर लिया गया है। दो बार जन शिकायत दर्ज किया गया है, परन्तु अब तक सुनवाई नहीं हुई है। भौंरा 2 सिंदरी 1 बलियापुर थाना में 1 फरियादी ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल रेफर

**जामताड़ा।** करमाटांड़-करमदहा मुख्य सड़क पर पड़ने वाले मुगार्डीह गांव के समीप मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोहारंगी निवासी आशीष मुर्मू (उम्र करीब 20 वर्ष) अपने गांव के ही 2 अन्य साथी जीतलाल टुडू (उम्र करीब 21 वर्ष) व रमेश बास्की (उम्र करीब 17 वर्ष) के साथ बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के पोस्ता गांव जा रहा था। इस दौरान करमाटांड़ करमदहा मुख्य सड़क मार्ग पर पड़ने वाले थाना क्षेत्र के मुगार्डीह गांव के समीप बाइक सवार का संतुलन बिगड़ जाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसमें आशीष मुर्मू के सिर पर गंभीर चोंटे लगी है। जबकि जीतलाल टुडू व रमेश बास्की घायल है। इन दोनों को इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में ले जाकर भर्ती करवा दिया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल आशीष मुर्मू को बेहतर इलाज कराने के लिए एसएनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया।

### राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना की तकनीकी पहलुओं की दी गई जानकारी



**धनबाद।** राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर बुधवार को समाहरणालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक सह योजना के नोडल पदाधिकारी नियाज अहमद ने प्रतिभागियों को योजना के महत्व और इसके क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में तकनीकी टीम ने पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेज अपलोडिंग व व्ययन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही, योजना से जुड़े तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान भी साझा किये। उन्होंने बताया कि शनिवार को सभी विभाग के डीडीओ को भी इसकी प्रशिक्षण दी जाएगी। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, प्रशिक्षक, समेत विभिन्न विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहें।

## कुमारधुबी-चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी चुनाव के पूर्व की तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। चिरकुंडा नगर परिषद के कुल 40 बूथों की स्थिति और व्यवस्थाओं का आकलन किया गया, साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि चुनाव से पहले मतदाता सूची पूरी तरह से दुरुस्त हो।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का कार्य तभी किया जाएगा जब नाम की पूरी तरह से जांच कर ली जाए। जिन लोगों के नाम पहले से ही सूची में मौजूद हैं, उनके नामों का भी स्थानीय स्तर पर वेरिफिकेशन किया जाएगा ताकि चुनाव के दौरान कोई विवाद उत्पन्न न हो, जैसे कि मतदाता के रहने के बावजूद उसका नाम लिस्ट से गायब हो जाए। इस मुद्दे को लेकर बीएलओ को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे घर-घर जाकर चेक लिस्ट का सत्यापन करें और नाम जोड़ने, घटाने तथा सुधारने का कार्य सावधानीपूर्वक करें ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। चिरकुंडा नगर परिषद चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है और सभी बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर को पहले से ही तैयार रहने का निर्देश दिया गया है ताकि चुनाव के समय किसी भी प्रकार की परेशानी या अनियमितता से बचा जा सके।

इस बैठक में निम्न वर्गीय लिपिक छत्रपति शिवाय किस्कू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार तिवारी, बीएलओ सुपरवाइजर योगेश दत्त, प्रमोद झा, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, कालीचरण कुमार, शिक्षक धीरेंद्र तिवारी, पंचायत सचिव भीमपदो रोहिदास, समीरान नाग समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## अदानी एसीसी फैक्ट्री से बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करने का प्रबंधन से सांसद का आग्रह

### कर्मियों ने 24 अप्रैल से कंपनी के काम को बाधित करने का लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी अदानी ए सी सी सीमेंट कारखाने से दिसंबर 2020 में 20 अस्थायी और 2 स्थायी कर्मचारियों की वर्खास्तगी को बेवजह बताते हुए उन सभी कर्मियों की सेवा तत्काल प्रभाव से बहाल करने का अनुरोध धनबाद सांसद ढुलू महतो ने सीमेंट प्रबंधन से किया है। सांसद ने कंपनी को बताया है कि सभी बर्खास्त कर्मियों की सेवा की पुनर्बहाली के लिए कई बार आवेदन पत्र दिया जा चुका है। लेकिन प्रबंधन के

▶▶ पुनर्बहाली के लिए कई बार आवेदन पत्र दिया जा चुका है

असंवेदनशील रवैये के कारण इन श्रमिको के मामले में कोई निर्णय नहीं हुआ। सांसद ढुलू महतो ने सीमेंट प्रबंधक को सूचित किया है कि प्रबंधन के रवैये से क्षुब्ध कर्मियों ने आगामी 24 अप्रैल से कंपनी के काम को बाधित करने का निर्णय लिया है। सांसद ने सीमेंट प्रबंधन से अनुरोध भी किया है कि दिए गए समय से पहले बर्खास्त कर्मियों के संबंध में पुनर्नियोजित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें। सांसद ने इस मामले को धनबाद उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद, एसडीओ धनबाद और केन्द्रीय सहायक श्रमायुक्त धनबाद को भी अवगत करा दिया है। बताते चलें कि विगत 30 नवंबर 2020 को एसीसी सिमेंट फैक्ट्री गेट पर धरना और समझौते के बाद ग्रामीणों द्वारा एसीसी परिसर पर पथराव को लेकर पुलिस ने कई लोगों पर केस दर्ज किया था। वहीं इस मामले में प्रबंधन ने 20 अस्थायी और 2 स्थायी मजदूरों राजकुमार यादव और सत्यदेव चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से बाहर कर दिया था।

स्पीड न्यूज

## 20 मई से हटिया-पटना एक्सप्रेस में जुड़ जायेगा एलएचबी कोच

**धनबाद।** हटिया- पटना एक्सप्रेस में यात्रियों को अब पहले से ज्यादा सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा करने को मिलेगा। 20 मई से गाड़ी सं. 18622 हटिया- पटना एक्सप्रेस तथा 21 मई से गाड़ी सं. 18621 पटना- हटिया एक्सप्रेस का परिचालन एलएचबी कोच से किया जाएगा। एलएचबी रेक में परिवर्तन के फलस्वरूप गाड़ी सं. 18622/ 18621 हटिया- पटना- हटिया एक्सप्रेस में कोचों की संख्या 21 हो जायेगी। संशोधित रेक संरचना के अनुसार गाड़ी सं. 18622/ 18621 हटिया- पटना- हटिया एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान के 01, एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच , साधारण श्रेणी के 04 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 कोच, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित के 05 कोच , तृतीय श्रेणी वातानुकूलित इकॉनॉमी के 01 कोच एवं द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित के 02 कोच सहित कुल 21 कोच होंगे।

## 18 से इंटरसिटी एक्सप्रेस में जुड़ेगा वातानुकूलित चेयरकार

**धनबाद।** ग्रीष्मकालीन ऋतु को देखते पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद- सासाराम- धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस में 01 अस्थाई वातानुकूलित चेयरकार जोड़ने का निर्णय लिया है। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ 18 अप्रैल से 18 जुलाई तक मिलेगा। इस कोच के जुड़ने से धनबाद- सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में कुल 16 कोच हो जायेंगे। ज्ञात हो कि इस ट्रेन को पहले धनबाद से गया स्टेशन के बीच चलाया जाता था। इसके बाद इसका विस्तार डेहरी ऑनसोन किया गया। पिछले दो सालो से यह सासाराम तक चलाई जा रही है।

## गिरिडीह में बंगाली समाज ने धूमधाम से मनाया बांग्ला नव वर्ष

**गिरिडीह।** गिरिडीह के ईश्वर स्मृति भवन में मंगलवार शाम बंगाली समाज द्वारा बांग्ला नव वर्ष के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीत-नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में झारखंड में बंगाली समाज की समृद्ध परंपरा को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया गया। आयोजन में लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी, जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम की सफलता में पंकज कुमार ताह, शैबाल घोष, डॉ. एन. आर. राय, श्रीसेंदु सेनगुप्ता समेत कई लोगों का अहम योगदान रहा।

## आरोपी जीतू रविदास ऑनलाइन साइबर क्राइम करते गिरफ्तार



**कुमारधुबी।** बिहार से प्रतिदिन ऐप पर मिली शिकायत के आधार पर साइबर थाना धनबाद की पुलिस ने कुमार धुबी के रविदास टोला से बुधवार की दोपहर छापेमारी कर जीतू रविदास को रंगे हाथ पकड़कर धनबाद लेकर चली गई। इस दौरान कुमारधुबी पुलिस राजेश लोहरा एवं एस आई सुरेश देवगन मौजूद थे। बताया गया कि प्रतिदिन एप में बिहार से शिकायत मिली की शिकायत साइबर थाना धनबाद के लोकेशन पर रंजीत कुमार एवं विष्णु कुमार गोस्वामी द्वारा कुमारधुबी की पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई छापेमारी का समय आरोपी जीतू रविदास ऑनलाइन साइबर क्राइम करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

### तेतुलमारी में अवैध कोल कारोबारियों को मिल रहे संरक्षण का विरोध

# कोयले से लदी बोलेरो को आग के हवाले कर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

- तेतुलमारी थाना के सामने से गुजर कर डिपो में जाता है कोयला
- सिंडिकेट में छाए कोल तस्कर, सफेदपोश व अपराधी प्रवृति के लोग शामिल
- तेतुलमारी में अवैध कोयले के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र विरोध, बोलेरो में लगाई आग



**कतरास।** तेतुलमारी क्षेत्र के तेतुलियाटांड में मंगलवार की रात अवैध कोयले के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने कोयला लदी एक बोलेरो में आग लगा दी और सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर कोयला तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। घटना मंगलवार रात लगभग पौने दस बजे की है।

तेतुलियाटांड कुष्ठ अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग पर कोयला लदी बोलेरो और एक खाली बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो लोग वाहन में फंस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

गुस्साए लोगों ने कोयला लदी बोलेरो में आग लगा दी और सड़क पर प्रदर्शन करते हुए अवैध कोयला ढुलाई और डिपो को बंद करने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह इलाके में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध खनन कराया जा रहा है। तस्करों के गुर्गे बोलेरो, मारुति वैन, टेंपो और अन्य वाहनों से कोयला लाकर तेतुलियाटांड के पास जमा करते हैं, और फिर वही वाहन थाना के सामने से होकर डिपो तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अंधेरा होते ही कोयले की ढुलाई शुरू हो जाती है। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र से 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन गुजरते हैं, जिससे जान का खतरा बना रहता है। यदि कोई इस ढुलाई का विरोध करता है, तो उसे तस्करों के गुस्से का शिकार होना पड़ता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईस्ट बसेरिया, राजगंज थाना की पुलिस एवं सर्किल इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे।

फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अवैध कोयले की ढुलाई और डिपो संचालन पर कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए और तीन घंटे से जारी जाम हटाया गया। सूत्रों के अनुसार, तेतुलियाटांड से कोयला ट्रकों में भरकर एटलेन के जरिए राजगंज भेजा जाता है, जहां से उसे वजन कराकर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से बाजार में भेज दिया जाता है।

इस अवैध कारोबार में स्थानीय स्तर के प्रभावशाली लोग, सफेदपोश और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं, जिन्हें सत्ताधारी दल से जुड़े एक प्रभावशाली नेता का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि अब तक इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## पहली बार साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में पहली बार साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक नगर भवन में किया जाएगा। वर्ल्ड फूनाकोशिया शॉटोकन कराटे ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भारत सहित नेपाल, भूटान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया के कुल 400 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन की जानकारी झारखंड के चीफ सेंसेई उज्ज्वल सिंह ने दी प्रतियोगिता का उद्घाटन धनबाद सांसद ढुलू महतो, गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सलूजा गोल्ड चेयरमैन डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह एवं संरक्षक देवेंद्र सिंह, चुन्नु कांत द्वारा किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस को मिली 161 शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के चौथा चरण का आयोजन किया गया। धनबाद के छह अलग अलग स्थानों पर यह शिविर लगाया गया। कला भवन में एसएसपी एचपी जनार्दनन के द्वारा दीप जलाकर शिविर का शुभारम्भ किया गया।

दिन भर चलने वाले इस शिविर में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देने पहुंच रहे थे। पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ शिविर में सीओ व बीडीओ भी उपस्थित हुए हैं।

एसएसपी ने कहा कि पुलिस की यह एक अच्छी पहल साबित हो रही है। लोगों को इसका फायदा भी मिल रहा है.यह चौथे चरण का शिविर लगाया गया है और अबतक तीन चरण के शिविर से प्राप्त पुलिस विभाग से संबंधित 99 प्रतिशत मामलों का निष्पादन कर दिया गया है.लोग अपनी अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल आईडी पर भी सीधे दर्ज करा सकते हैं। शिविर के दौरान जिन शिकायतों का निबटारा तत्काल संभव नहीं होगा, वैसे मामलों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा। आयोजन के दौरान कुल 161 जन शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन में से 09 आवेदनों का निपटारा जन समाधान कार्यक्रम में तत्काल कर दिया गया। शेष प्राप्त आवेदन में 76 आवेदन, जो पुलिस विभाग से संबंधित हैं, को संबंधित थाना, ओपी प्रभारी को निपटारा हेतु निर्देश दिया गया है तथा शेष 85 आवेदन, जो अन्य विभाग से संबंधित थे, को संबंधित विभाग को निपटारा हेतु भेजा गया है।

## मध्य विद्यालय राधानगर में पाठ्य सामग्री वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** मध्य विद्यालय राधानगर में बुधवार को आयोजित सादे समारोह के बीच छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक व पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। मुखिया महेश पटवारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला के द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक, एफएलएन किट एवं विद्यालय किट वितरण किया। मुखिया ने बच्चों से कहा कि आप प्रतिदिन विद्यालय आये और मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय की पढ़ाई ही आपसबों का भविष्य तय करता है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चो को अपने बच्चों की तरह माने और उसे सही शिक्षा दें, तभी बच्चे विद्यालय में आयेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो भी विकास का कार्य बाकी है, उसे अतिशिघ्र पुरा किया जायेगा।

प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला ने कहा कि सरकार आप सभी को स्कूल किट पुस्तक और कॉपियां निशुल्क देती हैं, ताकि आप मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन करें। आपसब प्रतिदिन विद्यालय आये और मन लगाकर पढ़ाई करें। मौके पर रामानुज सिंह, कुमारी रंभा, हिमांशु कुमार, मोहम्मद शमसुद्दीन, नंदकिशोर कुमार, वासुदेव खवास, स्नेहा बर्नवाल, पूजा कुमारी, धीरज कुमार, झूलन गोस्वामी, रूबी कुमारी आदि मौजूद थे।

## मारपीट और गाली गलौज तथा गले से चैन छीनने का मामला पहुंचा थाना



**धनबाद।** षड्यंत्र के तहत हस्ताक्षर करते हुए पैसा नहीं की मांग करने पर मारपीट करते गले का सोने का चेन छीन लेने को लेकर सदर थाने में इसकी शिकायत की गई है। वही शिकायत करता ने शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि मेरे छोटे भाई ने पार्टनर शिप में जमीन लिया था। संजय गुप्ता ने बिना बताए पावर ऑफ ऑटोनोमिक अपने नाम करवा लिया। उक्त जमीन से कुछ अंश भी संजय कुमार गुप्ता ने बेचकर सारा पैसा गमन कर लिया। इसपर समाज के गणमान्य लोग भी बैठे तो संजय कुमार गुप्ता ने पैसे दिलवाने के वादा किया और मुझसे ओर मेरे भाई से समझौतानामा पर हस्ताक्षर करवा लिया। उसके बाद भी पैसे नहीं दे रहा है। इसके बाद जब बीते सोमवार को उसके घर गया तो ओर पैसे मांगा तो आग बबूला हो गए और मुझे गाली गलौज मारपीट करने लगे। दोनों बेटा मिलकर मेरे गले का चैन छीन लिया।वहीं शिकायत करता ने संजय कुमार गुप्ता एवं उसके छोटे भाई राकेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता के दोनो पुत्र के खिलाफ थाने में शिकायत की है।

## सिंदरी में अमोनिया गैस रिसाव के खिलाफ माले ने हर्ल प्रबंधन का जलाया पुतला



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बुधवार की अहले सुबह सिंदरी में अमोनिया गैस रिसाव को लेकर शाम में भाकपा माले ने नेहरू मैदान से भुंजा चौक तक मशाल जुलूस निकाला।

मशाल जुलूस में माले कार्यकर्ताओं ने हर्ल प्रबंधन होश में आओ, तुम्हारी मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। इसके बाद भुंजा चौक पर माले कार्यकर्ताओं ने हर्ल प्रबंधन का पुतला जलाया।

इस अवसर पर मौजूद भाकपा माले राज्य सदस्य सुरेश प्रसाद ने बताया कि हर्ल प्रबंधन अमोनिया रिसाव को अफवाह बता रहा है। कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर लोगों को सतर्क और सचेत रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अमोनिया गैस रिसाव का कारण जानने के लिए सर्वदलीय कमेटी गठित की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। मौके पर मशाल जुलुस में सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, जीतू सिंह, सागर मंडल, जितेंद्र शर्मा, सुभाष मंडल, राजू बाउरी, अनिल चक्रवर्ती, शुभम सिंह, सुभाष हाँसदा, राजेश मुखर्जी, विमलेश कुमार, गोपाल महतो, हलीम, अमित सिंह, भगत सिंह, निमाई दे, कालीपद मंडल, नरेश सिंह मौजूद थे।

## महिला से दिन दहाड़े छीन ली सोने की चेन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के न्यू बरगंडा में बाइक सवार दो युवकों ने दिनदहाड़े एक महिला से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना के समय महिला सुमित्रा रंजन छापरिया जनरल स्टोर से समान खरीदकर वापस घर लौट रही थी। जैसे ही वह महिला कॉलेज के पास पहुंची, बाइक पर सवार दो युवकों ने उसे घेरते हुए उसके गले में पहनी ढाई भरी की चेन छीन ली। सुमित्रा ने बाइक सवारों का पीछा भी किया, लेकिन वे तेज रफ्तार से भागने में सफल रहे। महिला ने नगर थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से अपील की है कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उसकी चेन वापस की जाए।

### एक नजर में

## नीरज हत्याकांड, धनजी के आवेदन पर बहस

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड के आरोपी धनजी सिंह के आवेदन पर बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बहस हुई. बहस के दौरान अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा कि चूंकि पुलिस ने रिंकू सिंह के विरुद्ध दिए आरोप पत्र में हत्या के कारणों के विषय में कहा है जिसका अभिलेख पर आना आवश्यक है। इसलिए कांड के अनुसंधानकर्ता को गवाही के लिए फिर से बुलाया जाए अदालत ने बचाव पक्ष को बहस पूरी करने व गवाह पेश करने का निर्देश देते हुए गुरुवार की तारीख निर्धारित की है। 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राइवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाइक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

## समाधान कार्यक्रम का आयोजन काफी कम रहे शिकायतकर्ता



**कुमारधुबी।** डीजीपी के निर्देश पर पूरे राज्य भर में पुलिस द्वारा समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उसी के तहत चिरकुंडा के शहरी क्षेत्र सरसा पहाड़ी स्थित चिरकुंडा नगर भवन में भी बुधवार को आयोजन किया गया, जहां निरसा क्षेत्र के सभी थाना एव ओपी पदाधिकारी उपस्थित हुए,कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर किया। इस आयोजन में शिकायतकर्ता की संख्या काफी कम रही और कुछ शिकायत कर्ता ऐसे भी उपस्थित हुए थे जो कि 22 जनवरी 2025 को आयोजित समाधान कार्यक्रम मा आयोजन में अपना शिकायत दर्ज कराई थी परंतु अब तक उनका समाधान नहीं हुआ है,कुछ बच्चों ने मंचासिन पुलिस पदाधिकारियों से महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी ली तो कुछ ने साईबर क्राइम संबंधित जानकारी प्राप्त मंच से संबोधित करते हुए धनबाद साईबर क्राइम के डीएसपी संजीव कुमार एव चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राँय ने हर सवाल का जवाब दिए की पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर भवन की ज्यादातर कुर्सियां खाली खाली दिखी जिसे देख ऐसा लगा कि शायद जनता के प्रति पुलिस पर भरोसा नहीं है या फिर सूचना प्रसार में कमी रह गई जिसके कारण आयोजन फीका रहा।

## झरिया में तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आया स्कूटी सवार, हालत गंभीर



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दुःखहरनी मंदिर मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक हाईवा वाहन ने स्कूटी सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में झरिया निवासी 40 वर्षीय अशोक केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अशोक केसरी स्कूटी से रांगटांड, धनबाद स्थित अपनी श्रृंगार दुकान की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और उनका एक पैर बुरी तरह कुचला गया। घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल अशोक को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एसएनएमएमसीएच, धनबाद रेफर कर दिया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अशोक केसरी के बड़े भाई विनोद केसरी ने बताया कि अशोक रोजाना की तरह दुकान जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। उन्होंने प्रशासन से दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन, 4 मामलों का निपटारा



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी के मैयरानवाटांड पंचायत भवन में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित अधिकारियों में डीएसपी डीएन बंका, प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल, टुंडी अंचल अधिकारी जितेंद्र प्रसाद, टुंडी पुलिस निरीक्षक साजिद हुसैन, पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी रवि कुमार, टुंडी थाना प्रभारी और मनियाडीह थाना प्रभारी के साथ-साथ स्थानीय पंचायत की मुखिया खम्मा मोदक शामिल रहीं। शिविर के दौरान पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त टुंडी थाना क्षेत्र और मनियाडीह थाना क्षेत्र से एक-एक आवेदन जमा किए गए। पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के चार मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। ये सभी मामले जमीन और ऑनलाइन रसीद से संबंधित थे। शिविर में दर्ज कुल 31 में से केवल चार आवेदन थाना स्तर के थे, शेष आवेदन अंचल और प्रखंड कार्यालय से संबंधित पाए गए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास और वृद्धा पेंशन से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। हालांकि शिविर में अधिकारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही, लेकिन आम लोगों की उपस्थिति काफी कम देखने को मिली। प्रशासनिक स्तर पर शिकायतों के त्वरित समाधान की पहल के बावजूद लोगों की उदासीनता चिंताजनक रही।

# दफादार चौकीदार पंचायत का धरना

## मुक्त चौकीदारों के योगदान की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** दफादार चौकीदार पंचायत की गढ़वा जिला इकाई के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सामने धरना दिया। धरना में सेवा मुक्त किये गये चौकीदारां को पुनः सेवा में योगदान कराने, एक जनवरी 1990 के पूर्व एवं बाद में सेवानिवृत चौकीदार एवं दफादार के आश्रितों की नियुक्ति चौकीदारों को न्याय के लिए अध्यादेष जारी करने, झारखंड ग्राम चौकीदार विधेयक 2025 पारित करने एवं झारखंड चौकीदार संबंध नियमावली 2015 में उल्लेखित प्रावधानां को रद्द करने की मांग की गई। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते मुख्य वक्ता संगठन के प्रदेष अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराना आवष्यक है। उन्हांने कहा कि गढ़वा जिले में 2015 में उल्लेखित प्रावधानां के अनुसार चौकीदारों के रिक्त पद पर नियुक्ति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि चौकीदार व दफादार काफी मेहनत कर लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं लेकिन वे स्वयं असुरक्षित हैं सरकार उनकी मांगां पर ध्यान दें। अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मौके पर संतन कुमार पासवान, इंदल राम, पप्पु पासवान, उदय पासवान, विनय राम, सुरेष पासवान, संजय पासवान, लक्ष्मण पासवान, उमेष भुईयां, कामेष तुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा पुलिस ने की जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा।** टाउन हॉल के सभागार में बुधवार को गढ़वा पुलिस की ओर से चौथी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू डीआइजी ने किया। कार्यक्रम में जिले भर से कुल 115 शिकायत प्राप्त हुए। इनमें गढ़वा अनुमंडल से 45, रंका अनुमंडल से 39 तथा श्री बंशीधर नगर अनुमंडल से 31 शिकायत शामिल है। गढ़वा अनुमंडल से प्राप्त कुल 45 शिकायतों में से 20 शिकायत को पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुना। जिसमें से सात शिकायतों का निवारण कार्यक्रम स्थल पर ही कराया गया।

# श्री हनुमान मंदिर में बैठक, लिए गये कई निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के थाना के बगल में मूर्ति टोला बगैंधा रमना स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में बुधवार को समिति एवं ग्रामीणों की बैठक सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से मंदिर के गुंबद पर 19 अप्रैल को कलशा स्थापित करने, मंदिर के छत पर दरवाजा लगाने, सभी दानदाताओं का नाम बोर्ड पर अंकित करने, वन पट्टा भूमि का सीमांकन कराने, गंगा तालाब छठ घाट स्थित वट वृक्ष के समक्ष सावित्री पूजा के दिन समुचित व्यवस्था करने आदि निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष सुदर्शन बियार व सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि कलश स्थापित के अवसर पर प्रातः रथ और बैंड बाजा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा। शोभा यात्रा श्री हनुमान मंदिर से रवाना होकर ब्लॉक मोड़, बंशीधर यादव के घर गली से प्रजापति टोला, आंगनबाड़ी केन्द्र, थाना गेट, चौपाल होते गोसाईबागी, सामुदायिक भवन, बेलामा, प्रदीप यादव के घर होते ब्रम्ह स्थान बगौंधा, शिव स्थान, एनएच 75 से होते हुए पुनः श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में आकर समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक व ऐतिहासिक शोभा यात्रा में समिति के सभी सदस्यगण और आस पास के काफी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होंगे। शोभायात्रा समापन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में नरेश साह, सुनील प्रजापति, मनोज कुमार साह, बबलू बियार, पप्पू बियार, मनोहर बियार, सुरेश प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, आशीष पासवान, अवधेश बियत, सोनू प्रजापति, मोती बियार, बिंदू बियार, रामजी बियार, कृष्णा बियार, रबिंद्र कुमार, राजू बियार, नीरज बियार, रामकिशून बियार, योगेन्द्र बियार व महेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान मानव जाति के कल्याण के लिए : डीसी

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने मेगा रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उद्घाटन करते डीसी



**गढ़वा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को शहर के टाउन हॉल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी शेखर जमुआर, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, सीएस डॉ अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, गढ़वा सीओ सफी आलम आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। डीसी ने ब्लड डोनेशन के लिए ब्लड डोनर को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ सफी आलम, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर भास्कर कुमार, प्रखंडकर्मी विवेक गौतम, राजन द्विवेदी सहित कई अन्य व्यक्तिओं ने रक्तदान किया। मौके पर डीसी जमुआर ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह मानव जाति के कल्याण के लिए सबसे बेहतरीन उपहार है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, जो मानव जाति की सच्ची सेवा है। डीसी ने सीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि किये गये रक्तदान का स्टोरेज ठीक से हो तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा द्वारा इसी इसी प्रकार का रक्तदान शिविर नियमित रूप से संचालित हो।

उन्होंने रक्तदान करने के लिए लोगों से अपील की एवं उनका उत्साह वर्धन किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा का राज्य भर में द्वितीय स्थान है। उन्होंने इसी प्रकार से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए राज्य भर में गढ़वा जिले को प्रथम स्थान दिलाने के लिए लोगों से रक्तदान करने की अपील की। मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सेक्रेटरी डॉ जेपी सिंह, ट्रेजर्र बृजमोहन प्रसाद, जॉइंट सेक्रेटरी नंदकुमार गुप्ता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें। मौके पर डीआईजी वाईएस रमेश, एसपी दीपक कुमार पांडेय, रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी कोषाध्यक्ष राम नारायण प्रसाद, एक्सक्यूटिव कमेटी के रघुवीर प्रसाद, डॉ पतंजलि केशरी, उमेश कश्यप, कमलेश गुप्ता, उमेश सहाय, संतोष कुमार मेहता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गढ़वा के चीफ मैनेजर प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर सत्यदेव रंजन, ऋषिकेश, चन्द्र प्रकाश दुबे आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो की टीम पहुंची उड़सुगी, पीड़ित परिवार को दिया सहयोग



**गढ़वा।** प्रखंड के उड़सुगी गांव में सोमवार को चार बच्चों की डूब कर हुई मौत की सूचना मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के सदस्य मृतकों के घर पहुंच गये। नेताओं ने शोकसंतप्त परिवार को सांत्वना दी एवं कहा कि दुख की घड़ी में वे साथ में हैं। नेताओं ने पीड़ित परिवारों को निजी स्तर पर आर्थिक सहायता भी प्रदान की। मौके पर जिलाध्यक्ष शंभू राम, पूर्व जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, पंचायत सचिव आशीष कुमार, जितेंद्र दुबे, सुनील गौतम, शाहरुख खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बेड़ो थाना परिसर में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो।** बेड़ो में थाना परिसर में बेड़ो और नरकोपी थाना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेड़ो थाना में 10 विभिन्न मामले से जुड़े आवेदन आए। इस दौरान 10 मामलों में से चार मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं जांचोपरांत जमीन से संबंधित छह मामलों का प्रतिवेदन अंचलाधिकारी को भेजा गया। इधर नरकोपी थाना में चार आवेदन आए। जिसमें दो मामलों का निष्पादन कर दिया गया। साथ ही जांचोंपरांत जमीन से जुड़े दो मामलों का प्रतिवेदन अंचलाधिकारी को भेजा गया। वहीं मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम,बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान,नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव,एस आई अक्षय कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### लालखटंगा हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलशयात्रा



**नामकुम।** प्रखंड के लालखटंगा हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा मंदिर प्रांगण से कोचबोंग स्थित राजाबांधा पहुंची, जहां से कलशों में जल लेकर सभी वापस मंदिर पहुंचे। उसके बाद प्रयागराज से आये पुजारियों ने विधिवत कलश स्थापना करवाया। मुख्य पुजारी ने बताया कि प्रत्येक दिन शाम 6 से 9 बजें तक रामकथा का आयोजन होगा। वही 18 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा व भव्य भंडारा का आयोजन होगा। मौके सुरेश नायक,राजेन्द्र ठाकुर, रवी महली, विनोद नायक, मुखिया पुष्पा तिर्की, भाजपा नेत्री आरती कुजुर,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पूर्व मुखिया रितेश उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाहरणालय में डीसी ने किया पलाश मार्ट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** समाहरणालय परिसर में बुधवार को जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश मार्ट का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पाण्डेय व डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डीसी जमुआर ने कहा कि दीदीयों को आगे बढ़ाने के लिए यह एक अच्छी पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बहुत से उत्पाद जिसको बाजार उपलब्ध नहीं हो पाता था उन सभी उत्पाद को पलाश मार्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध हो रहा है, जिससे की आम नागरिक शुद्ध घरेलु वस्तुओं का आनंद भी उठा पर रहे है। जेएसएलपीएस डीपीएम विमलेश कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को इससे जुड़ने से काफी लाभ मिल रहा है। सभी दीदीयों को अपनी आजीविका चलाने में काफी मदद मिल रही है साथ ही साथ लोगों को स्वरोजगार का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। ज्ञात हो कि यह झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अपना उत्पाद बेचने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस मार्ट में ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाता है और बेचा भी जाता है, जिसमें दाल, तेल, साबुन, हर्बल गुलाल, मिष्ठान और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल हैं। मौके पर नवल किशोर राजू, शेखर शत्यकेतु, गीरिजेश शर्मा, दीदी कैफे की दीदीयों व अन्य उपस्थित थे।

# पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय में कई कार्यक्रम हुआ आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**केतार।** पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में पीएम श्री के तहत विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात एक्सपर्ट के द्वारा के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के एक्सपर्ट संजीव कुमार एवं विकेश कुमार तिवारी द्वारा बच्चों के बीच पीएम श्री विद्यालय के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत, कम्युनिटी पार्टिसिपेशन, बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल, हेल्थ कैंप,सहित विभिन्न प्रकार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, राजीव कुमार सिंह, धनंजय कुमार, दिलीप कुमार, अजय कुमार, सुधा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## स्कूली नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड की टीम लीग मैच में आगे

**सोनहातू।** मणिपुर में आयोजित 68वीं अंदर-19 स्कूली नेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट में झारखंड के बालक और बालिकाओं की टीम ने पहले लीग मैच में बढ़त बना ली है। बालक की टीम हिमाचल प्रदेश को 3/0 छत्तीसगढ़ को 5/0 से हराया है। तीसरा मैच आंध्र प्रदेश से होगी। बालिका की टीम पहले मैच में केरल को 4/0 दूसरे मैच में अरुणाचल प्रदेश को 5/0 से हराया है। टीम की देख रेख कोच बिंदु कुजूर ,मैनेजर लीना, कोच जितेंद्र कश्यप, मैनेजर अमित टोप्पो, तथा एचओडी बिंदेश्वर महतो शामिल है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी आदि ने बधाई दी है।

# डीसी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी कमिटी से संबंधित बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में एनसीओआरडी कमिटी से संबंधित बैठक की गई। बैठक में एसपी दीपक कुमार पाण्डेय समेत अन्य संबंधित सदस्यों ने भाग लिया। एनसीओआरडी कमिटी की बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती के रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के लिए एनसीओआरडी कमिटी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया। बैठक में डीसी ने अफीम एवं गांजा की खेती को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही किसी प्रकार की सूचना पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने जिला ड्रग इंस्पेक्टर गढ़वा को निर्देश दिया कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप एवं नशीली दवाओं की बिक्री न हो एवं समय-समय पर दवा दुकानों के स्टॉक की संपूर्ण जांच करें। पुलिस विभाग से समन्वय बनाते हुए आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर छापेमारी आदि करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने जिले के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में नशा निरोधक जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री आदि पर पुलिस विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है। गढ़वा जिला में मादक पदार्थों की खेती की सूचना प्राप्त नहीं है एवं सूचना प्राप्त होने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में रवीश राज सिंह, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामनंदन साहु एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–569 2. आवेदक–आनन्द कुमार साहु , पिता–महावीर प्रसाद<br>3. ग्राम–कुडू , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर जलने का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–143 2. आवेदक–नन्दकिशोर शुक्ला , पिता–स्व0 काशीराम शुक्ला<br>3. ग्राम–मुर्की , पोस्ट–अरेया , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र उरॉव , पिता–स्व0 सरकु उरॉव<br>3. ग्राम–मेढ़हो , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–165 2. आवेदक–बिनु महतो , पिता–केवल महतो<br>3. ग्राम–कल्हेपाट , पोस्ट–अर्रू , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे में दाहिने तरफ घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–498 2. आवेदक–बसंत उरॉव , पिता–चमरा उरॉव<br>3. ग्राम–बसरी , पोस्ट–सेन्हा, थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–147 2. आवेदक–अनिल कुमार साहु , पिता–महावीर साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली , पोस्ट–पंडरा , थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शिवनन्दन साहु , पिता–नारायण साहु<br>3. ग्राम–सेन्हा , पोस्ट–सेन्हा , थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विशेषण भगत एवं अमर किण्डो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत, पिता–स्व0 बिलगु उरॉव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–मंगु उरॉव , पिता–शनिया उरॉव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–कदया उरॉव , पिता–लोला उरॉव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर ,पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां सीना में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–विलियम कुजूर , पिता–स्व0 बरनबास कुजूर<br>3. ग्राम–शांतिनगर, किस्को मोड़ , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिनोद भगत , चैतु मुण्डा एवं राजु महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. आवेदक–कर्मा उरॉव , पिता–स्व0 लोहरा उरॉव<br>3. ग्राम–एकागुड़ी ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–बाबुलाल उरॉव , पिता–स्व0 भीवा उरॉव<br>3. ग्राम–चितरी महुवाटोली ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह– दोनों कान में कौनोसी का छेद का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–बिजुआ उरॉव , पिता–स्व0 रामदेव उरॉव<br>3. ग्राम–डाडु ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथे में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. आवेदक–जबा उरॉव , पिता–स्व0 लोहरा उरॉव<br>3. ग्राम–एकागुड़ी ,पोस्ट–डाडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. आवेदक–विरेन्द्र उरॉव , पिता–स्व0 बिरसु उरॉव<br>3. ग्राम–मेढो ,पोस्ट–कोराम्बे, थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख में भावे में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. आवेदक–शीला देवी मिंज , पति–मंगरा मिंज<br>3. ग्राम–तोडार सरना टोली ,पोस्ट–जुरिया , थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–मनीलाल उरॉव , पिता–स्व0 मंगरा उरॉव<br>3. ग्राम–हिसरी ,पोस्ट–दानोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. आवेदक–लक्ष्मनिया उरॉव , पति–महेश उरॉव<br>3. ग्राम–बोगा ,पोस्ट–हिसरी , थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–महिला ,आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. आवेदक–आश उरॉव , पति–स्व0 जयपाल उरॉव<br>3. ग्राम–जुरिया गढ़ी टोली ,पोस्ट–जुरिया , थाना–लोहरदगा ,प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. आवेदक–महेश प्रसाद साहु , पिता–स्व0 राम लखन साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली लोहरदगा,पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा ,प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–24/25 2. आवेदक–बसंती उराईन , पति–जयसिंह उरॉव<br>3. ग्राम–खरता ,पोस्ट–खरता, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–महिला ,आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–129/25 2. आवेदक–देवमैन उरॉव , पति–स्व0 मंगा उरॉव<br>3. ग्राम–जोलो ,पोस्ट–लुगदू, थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–महिला ,आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–असीम कच्छप , पिता–स्व0 शम्भू कच्छप<br>3. ग्राम–अरुणा चौक पुर्वी पुरानी रॉची ,पोस्ट–जी0पी0ओ0 रॉची, थाना–कोतवाली ,प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें माथे में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–35/25 2. आवेदक–सीता उरांव , पति–रामदयाल उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना मुंह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–36/25 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–अर्जुन ठाकुर<br>3. ग्राम–झाखरा, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–37/25 2. आवेदक–कुवर लोहरा , पिता–स्व0 धर्मदेव लोहरा<br>3. ग्राम–किस्को ,पोस्ट–किस्को, थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–38/252. आवेदक–रामदयाल उरांव , पिता–स्व0 महलू उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, ,पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा ,प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जलेश्वर उरॉव एवं एतवा उरॉव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–25/25 2. आवेदक–महेन्द उरॉव , पिता–बिरसा उरॉव<br>3. ग्राम–कोटा ,पोस्ट–बलसोटा, थाना–भण्डरा ,प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–26/25 2. आवेदक–सकलु उरॉव , पिता–स्व0 मन्टरू उरॉव<br>3. ग्राम–कुन्दो ,पोस्ट–झिको चट्टी , थाना–भण्डरा ,प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अभय कुजूर , राजकिशोर उरांव , इस्लाम अंसारी , पिंजु भगत एवं इसरार अहमद द्वारा आवेदन पर पहचान/ अनुशंसा का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–39/25 2. आवेदक–लोलस कुजूर , पिता–स्व0 प्रभुदयाल कुजूर<br>3. ग्राम–दुरहुल सरना टोली, पोस्ट–नारी नवाडीह , थाना–किस्को ,प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–40/25 2. आवेदक–संजय कुमार , पिता–स्व0 विष्णु प्रसाद<br>3. ग्राम–लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–आशिष कुमार , पिता–अशोक कुमार अग्रवाल<br>3. ग्राम–मिशन चौक, बी0आई0टी0, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–बलबीर कुमार देव , पिता–राजेन्द्र प्रसाद देव<br>3. ग्राम–देव कुंज, महादेव टोली रोड, पोस्ट–वार्ड–20, बदला , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–मोहम्मद कैसर अहमद , पिता–स्व0 मो0 जमील अहमद<br>3. ग्राम–सोमार बाजार अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–दया शंकर राव , पिता–स्व0 राज किशोर राव<br>3. ग्राम–कचहरी मोड़, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुढ्ढी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–343/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार साहु , पिता–पुरन साहु<br>3. ग्राम–मुरकुण्डा, पुरनटोली, पोस्ट–मुरकुण्डा , थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–कामेश्वर सिंह , पिता–स्व0 घनश्याम सिंह<br>3. ग्राम–रूद, पोस्ट–गारू , थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 350464 Home (25-26)_D | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

# डिले, डिनाय, डिफेंड...

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। किसी भी योजना के देर होने से बड़ा आर्थिक, सामाजिक और मानसिक नुकसान होता है। देश के विकास की गति धीमी हो जाती है। जिन राज्यों में विकास की योजना समय या समय से पहले पूरा हो रहा हैउन राज्यों का आर्थिक विकास देश के शीर्ष पर है। वहीं झारखंड और बिहार की योजनाओं में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद भी दशकों तक योजना धीमी गति से चलती है या फिर योजना फाइलों में बंद हो जाती है।

अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। नौकरशाही एक दोधारी तलवार की तरह है। राज्यों को इसका उपयोग जन सुविधाओं के लिए करना चाहिए। सबसे बड़ी कठिनाई है कि इन अधिकारियों से बेहतर कार्य ले लेने का प्रबंधन की क्षमता देश में विकसित नहीं हो पाई है। राज्यों में योजनाओं की देरी से अनुमानतः तीन लाख करोड़ का अतिरिक्त बोझ सरकार को उठाना पड़ रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्धि होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# डिजिटल दुनिया का मानसिक बोझ: जब स्टेटस छीनने लगे चैन





\- प्रियंका सौरभ

> जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है।

**आज** के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्टेटस, प्रोफाइल और पोस्ट के जरिये लोग अपनी ज़िंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं, जिससे दूसरों में असंतोष, ईर्ष्या और आत्म-संदेह पैदा होता है। यह तुलना और जिज्ञासा धीरे-धीरे मानसिक अशांति का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में अनुशासन अपनाना जरूरी है, जैसे सीमित समय देना, जरूरी चीजें ही देखना और अपनी निजी सीमाएं तय करना। मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स, आत्मचिंतन और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर ध्यान देने की जरूरत है। चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और यहाँ तक कि अजनबियों की ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं। यह सुनने में जितना सुखद लगता है, असलियत में उतना ही बोझिल और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है।

अब सवाल पैदा होता है कि सोशल मीडिया जुड़ाव या जाल? जब फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म बने थे, तो उद्देश्य था कि लोगों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और दुनिया को करीब लाना। लेकिन धीरे-धीरे यह जुड़ाव एक आभासी होड़ में बदल गया। अब पोस्ट, स्टेटस और प्रोफाइल पिक्चर के पीछे छिपा होता है एक दिखावे का संसार। हम अपने जीवन के सबसे सुंदर पल ही दूसरों को दिखाते हैं, जैसे हँसी, सैर, सफलता, रिश्ते। लेकिन दुख, तनाव, विफलता, अकेलापन, यह सब छिपा लेते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है झ 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है।

सुख की चोरीः दूर बैठा इंसान भी छीन सकता है चैनयह एक कड़वी सच्चाई है कि आज कोई इंसान आपको बिना एक शब्द बोले, बिना संपर्क किए, सिर्फ एक स्टेटस लगाकर आपकी नींद उड़ा सकता है। लोग अपनी ज़िंदगी के सबसे चमकदार हिस्से पोस्ट करते हैं, जिससे दूसरों को लगता है कि वो हमेशा खुश हैं। यह आभासी दिखावा हमारे मन को बेचैन कर देता है। हमें लगता है कि हम कुछ पीछे रह गए हैं, हम ह्यअपर्याप्तह्न हैं। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं जो जानबूझकर स्टेटस, फोटो या स्टोरी इस अंदाज में लगाते हैं कि दूसरों को चुभे। यह डिजिटल दुनिया का 'पैसिव एग्रेसन' है, जहाँ न तो कोई सीधे कुछ कहता है, न ही सीधे हमला करता है झ लेकिन फिर भी मन में गहराई तक असर करता है।

जिज्ञासा या आत्म-प्रवंचना?हमें अक्सर आदत हो जाती है, हर रोज चेक करना कि किसने क्या पोस्ट किया, किसकी ज़िंदगी में क्या चल रहा है, कौन कहाँ घूम रहा है, किसकी शादी हुई, किसको प्रमोशन मिला। यह जिज्ञासा धीरे-धीरे एक व्यसन बन जाती है । एक ऐसा नशा जो हमारी मानसिक ऊर्जा को चूसने लगता है। हम हर किसी की प्रोफाइल में झाँकते हैं, उनके फॉलोअर्स गिनते हैं, उनके रिश्तों का अंदाजा लगाते हैं और कई बार बिना जरूरत के अपने मन को अशांत करते हैं। यह आदत न तो हमें कोई ज्ञान देती है, न कोई वास्तविक खुशी । उल्टा हमारी आत्म-संतुष्टि को मार देती है।

मन की शांति के लिए डिजिटल अनुशासन जरूरीइस समय सबसे बड़ा आत्म-संयम यही है कि हम सोशल मीडिया का प्रयोग एक मयार्दा में करें। जरूरत है कि हम 'डिजिटल डिटॉक्स' को अपनाएँ, यानी एक तय समय पर फोन, सोशल मीडिया ऐप्स से दूरी बनाएँ। अपने लिए कुछ नियम बनाएं। सुबह उठते ही सबसे पहले सोशल मीडिया चेक न करें। दिन में सिर्फ 2 या 3 बार ही सोशल मीडिया ओपन करें। स्टेटस, प्रोफाइल या पोस्ट देखकर प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें- क्या ये जानकारी मेरे लिए जरूरी है? हर बार दूसरों से तुलना करने की बजाय, अपने छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

कुछ चीजें निजी रखें, कुछ दूरी जरूरी हैहम अक्सर यह भूल जाते हैं कि ज़िंदगी का हर पहलू शेयर करने लायक नहीं होता। अगर हम खुद हर चीज साझा करते हैं तो दूसरों की भी उम्मीद बन जाती है कि वे हमें जज करें। इसीलिए जीवन के कुछ हिस्से को सिर्फ अपने लिए रखें जैसे अपनी सोच, अपनी उपलब्धियाँ, अपने संघर्ष। दूसरों के जीवन में भी बिना चाहे न घुसें। किसी की प्रोफाइल या स्टेटस में झाँकने से पहले सोचें- क्या यह जिज्ञासा है या एक तरह की आत्म-प्रवंचना? क्या यह मुझे ज्ञान दे रही है या बस एक आंतरिक असंतोष?

अपने मन को तरोताजा रखेंहर दिन कुछ समय सिर्फ अपने लिए निकालिए, चाहे वह किताब पढ़ना हो, संगीत सुनना, टहलना, योग, ध्यान या अपने किसी शौक को समय देना। यह सब आपके मन को सुकून देगा और आपको भीतर से संतुलित बनाएं। यह दौर बहुत तेज है। हर कोई कुछ साबित करने की दौड़ में है। लेकिन इस दौड़ में अपने मन की शांति को गिरवी रखना बुद्धिमानी नहीं। हमें यह समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य।

यह ध्यान रखना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक औजार है । वह हमें जोड़ भी सकता है और तोड़ भी सकता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे प्रयोग करते हैं। अपनी सोच को सीमित लोगों से प्रेरणा लेने तक सीमित रखिए और बाकी को 'स्क्रॉल' कर दीजिए झ शांति, चैन और सुकून खुद-ब-खुद लौट आएगा। (लेखिका एक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मिलावटी खान-पान

खाने-पीने की चीजों में मिलावट की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं, जिससे इनकी बिक्री में कमी आती है और दुकानदारों को नुकसान होता है। मिलावट करने वाले व्यापारियों को समझना चाहिए कि ज्यादा पैसे वाले लोग महंगी चीजें खरीद सकते हैं, इसलिए उन्हें मिलावट नहीं करनी चाहिए। सरकार जागरूकता अभियान और हेल्पलाइनों के जरिए इस समस्या से निपटने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोगों का सजग होना जरूरी है।

**राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### नियंत्रण जरूरी

**जनसंख्या** की दृष्टि से भारत विश्व में नंबर वन है और भ्रष्टाचार में भी पीछे नहीं है, जिससे विकास में विषमता बनी रहती है। यह असुरक्षा की भावना को बढ़ाता है। जनसंख्या वृद्धि के कारण संसाधन घट रहे हैं, और भ्रष्टाचार के कारण लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। ऐसे में खुशी कैसे बढ़ सकती है?

**– प्रशांत झा, रांची**

## ट्वीट

राज्य के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई हो। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि, जिस संस्थान की स्थापना झारखंड सहित आस-पास के राज्यों के मरीजों के लिए किया गया था उस संस्थान को चलाने की मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है इसे मैं पूरी निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक व ईमानदारी के साथ निभा रहा हूँ।

रिम्स की व्यवस्था को सुधारने और जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम दिन-रात काम कर रहे हैं। इस संस्थान को कांग्रेस पार्टी ने स्थापित किया है तो इसे संवारने का काम भी हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

**– डॉ इरफान अंसारी, मंत्री**

# मोदी का नया मंत्र : देरी विकास का दुश्मन

**उमेश चतुर्वेदी**

**देर** और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है।

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

## विकास

सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। देरी विकास का दुश्मन है इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की।

यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा। लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

**ललित गर्ग**

## सामयिक

**मुर्शिदाबाद** हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा।

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया।

बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी।

**जेएमएम के अधिवेशन में गुजरात से पहुंचे विजय जी ने कहा कि गुजरात से झारखंड खींच लाई थी। जेएमएम से जुड़े विजय जी ने कहा कि वह हेमंत सोरेन को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहेंगे।**




## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## श्री अग्रसेन स्कूल में मार्शल आर्ट कैंप शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में छात्राओं के लिए 15 दिवसीय मार्शल आर्ट कैंप शुरू हुआ। इस कैंप में करीब तीन सौ छात्राएं आत्मरक्षा की तकनीक सीख रही हैं। सभी को रोजाना सातवां डॉन व नेशनल रेफरी नरेंद्र सिन्हा व थर्ड डॉन राशि सिन्हा के द्वारा ट्रेनिंग मिल रही है। कैंप का समापन 21 अप्रैल को होगा। छात्राओं को मार्शल आर्ट के तहत कराटे, जूडो व अन्य आत्मरक्षा तकनीकों की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। पंच, ब्लॉक, किक, सिंगल हैंड ग्रिप, फेस- चेस्ट अटैक, थाई डिफेंस, नेक अटैक, एलबो अटैक, चेस्ट किक आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को विशेष रूप से बताया जा रहा कि किस प्रकार वह अपने बचाव के लिए घुटने तथा कोहनी का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में कर सकती हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, ताकि वह किसी भी स्थिति में फंसने पर अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बन सकें। इसलिए रोजाना एक घंटे की विशेष क्लास लगती है। आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई मंजू कुमारी, सोनम खातून, नीलू श्रीवास्तव आदि सक्रिय हैं।
विभिन्न मांगों को ले कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने न्यू बिरसा प्रबंधन को सौंपा आठ सूत्री मांग-पत्र

## स्थानीय युवाओं को रोजगार दें प्रबंधन



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी के न्यू बिरसा परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्तिक माइनिंग ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (ओसीपी) को लेकर कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने बिरसा परियोजना पदाधिकारी को आठ सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। डॉ. आशीष कुमार ने स्पष्ट किया कि यूनियन की प्रमुख मांगें में परियोजना में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देते हुए कोयलांचल के सयाल, सीसीएल सौदा, नकारी कॉलोनी, एके कोलियरी, सेंट्रल सौंदा और भुरकुंडा क्षेत्रों के युवाओं रोजगार देने, मजदूरों को न्यूनतम 30,000 वेतन सुनिश्चित करने तथा कार्य समय 8 घंटे निर्धारित करने, पीएफ की 16 प्रतिशत राशि नियमानुसार काटने और पीएफ पासबुक मजदूरों को सुलभ कराने, पेमेंट स्लिप, मेडिकल सुविधा, सालाना बोनस एवं डस्ट अलाउंस देने, बिना ट्रेड यूनियन की जानकारी के मजदूरों को कार्य से न हटाने और यूनियन प्रतिनिधियों को यथोचित सम्मान देने, कार्यस्थल पर पानी का छिड़काव कर प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था करने आदि मांगे शामिल है।

## कुजू में करंट से अधेड़ की मौत




**कुजू।** 11 हजार बिजली तार की चपेट में आने से ओपी क्षेत्र के पैंकी तेतरिया टोला स्थित पुल के नीचे से शौच कर वापस लौट रहे भीम महतो( 52 वर्ष) पिता स्व जानकी महतो की मौत बुधवार को हो गई। मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सूचना पाकर मांडू विधायक तिवारी महतो, निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जेएलकेएम के बिहारी महतो, पानेश्वर महतो, रवि कुमार, रूपा महतो, सहदेव महतो, सुमन कुमार, झामुमो के नीलकंठ महतो समेत कई अन्य लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंचे। साथ ही उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर घटना स्थल पर प्रशासनिक, बिजली विभाग एवं सीसीएल के अधिकारियों के आने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। बताया जाता है कि इंडस्ट्रियल क्षेत्र होने की वजह से विभिन्न कार्यों को लेकर आए बड़े बड़े लॉड, ऑनलाउड की वाहन तथा छोटी बड़ी गाड़ियां जाम जाम में फंसे रहे।

## बच्चों को समिति ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर सयाल अंबेडकर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भारत भारती विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी शानदार प्रस्तुति को देखकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने खूब सराहना की। सद्भावना समिति सयाल द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विशेष पहल करते हुए विद्यालय जाकर स्कूल के सचिव गोपाल यादव की उपस्थिति में सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए। इस खास मौके पर सद्भावना समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने बच्चों को मिठाई खाने के लिए नगद ?1100 का पुरस्कार भी प्रदान किया, जिससे बच्चों की खुशी दोगुनी हो गई। यह आयोजन न केवल बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन का मंच बना, बल्कि समाज में सद्भाव और प्रोत्साहन का सशक्त संदेश भी प्रसारित किया।

## झामुमो के अधिवेशन में शामिल हुए कई नेता



रजरप्पा। झामुमो के 13वां केन्द्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ जिला के केन्द्रीय सदस्य में फागू बेसरा, राजकुमार महतो, बिनोद किस्कू, सोनाराम मांझी, भुन्नू महतो, गीता विश्वास, महेन्द्र मुण्डा, बरतु करमाली, साजिद हुसैन, चित्रगुप्त महतो को बनाया गया। झामुमो दुलमी प्रखण्ड कमेटी ने झामुमो के अध्यक्ष बनने पर हेमंत सोरेन को दी बधाई। बधाई देने वालो में प्रखंड अध्यक्ष सुशांत भारती, सचिव कलाम अन्सारी, कोषाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद महतो सहित खेदन मुण्डा, आलम अंसारी, गोविन्द महतो, मोतीउल्लाह, मनोवर अंसारी, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष छटू गंझु, सुभाष महतो, रमेश शर्मा, मुबारक अंसारी, जावेद अंसारी, जाहिद अंसारी, अकबर अंसारी, कोलेश्वर महतो, तीर्थनाथ महतो, समुद्रनाथ महतो, सुधीर महतो, मोतीलाल बेदिया,

# जन शिकायत समाधान शिविर में 52 लोगों ने दिया आवेदन

### जमीन विवाद सुलझाने के लिए दूसरे विभागों से बनाया जा रहा सामंजस्य : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में एक बार फिर जन शिकायत समाधान शिविर लगा। बुधवार को शहर के फुटबॉल मैदान में आयोजित शिविर में कुल 52 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दिए। एसपी अजय कुमार ने खुद सभी मामलों को देखा और जनता से बात की।

उन्होंने बताया कि 52 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दिए, इसमें 70 फीसदी मामले जमीन के विवाद से जुड़े हुए थे। इसके अलावा पारिवारिक विवाद के मामले भी इस कार्यक्रम में उजागर हुए हैं जिनका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट तीन मामलों का भी निपटारा किया गया। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सभी थाना प्रभारी के द्वारा शिविर में लोगों की शिकायत सुनी गई। 70 फीसदी मामले जमीन विवाद को लेकर सामने आए थे। इन विवादों को सुलझाने के लिए दूसरे विभागों से सामंजस्य बनाए जा रहा है। जनता की समस्या जल्द से जल्द दूर हो इसके लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी दीप्ति कुजूर, सभी अंचल के अधिकारी मौजूद रहे। कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिनका निपटारा तत्काल नहीं किया जा सकता। जमीन से संबंधित मामले कोर्ट में भी लंबित हैं। कुछ मामले पहले भी थाने में आ चुके हैं। लेकिन पुलिस ने उसीको न्याय देगी जिनके सारे दस्तावेज सही हैं। यही वजह है कि दूसरे विभागों को भी इस मामले में शामिल किया जा रहा है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का यह चौथा चरण था। इससे पहले माह सितंबर, दिसंबर 2024, फरवरी और अप्रैल 2025 माह में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। पहले के सभी कार्यक्रमों में मिली शिकायतों का समाधान शत प्रतिशत हो चुका है। इस शिविर में भी पानी के लिए भाई-भाई का विवाद, रामगढ़ थाना क्षेत्र में घर के कमरों के लिए भाइयों में विवाद और कहीं पति-पत्नी के बीच का विवाद भी आया है। पुलिस उन मामलों में भी पहल कर रही है। इस कार्यक्रम में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, गोला सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, इंस्पेक्टर अजय कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता, गोला थाना प्रभारी कुमार अभिषेक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# चौपारण में वाहन लूट मामले में एक अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही/चौपारण।** चौपारण पुलिस ने बुधवार को एक घंटे के भीतर पिकअप वाहन लूट कांड का खुलासा किया। पुलिस ने लूट में शामिल तीन अपराधियों में से एक को वाहन और लूटे गए सामान के साथ गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधी फरार हो गए हैं। बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार सुबह करीब 3 बजे पिकअप चालक मानू कुमार सब्जी लोड कर बंगाल से बिहार जा रहा था। जैसे ही उसने रसोईया धमना टोल प्लाजा पार किया और ग्राम सिंघरावां पहुंचा, तीन अपराधियों ने उसका पीछा कर पिकअप वाहन लूट लिया। सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय वाहन चालकों की मदद से पीछा कर एक आरोपी विशाल कुमार राणा, निवासी रसोईया धमना, थाना बरही को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है।एसडीपीओ ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी दल में पुलिस अंचल निरीक्षक चन्द्रशेखर कुमार, पु.अ.नि. बिंदेश्वर महतो, दिव्य प्रकाश, स.अ.नि. कैलाश चंद्र महतो, हवलदार गोपाल प्रसाद और विजय कुमार सिंह शामिल थे।

## विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गांव जोबो आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी निर्माण का मंगलवार को विधायक रोशनलाल चौधरी ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। यह कार्य 15वें वित्त आयोग मद के तहत स्वीकृत हुआ है। चौधरी ने बताया कि विशेष ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी भवन की अनुपलब्धता की समस्या उठाई थी। गांव के नन्हे बच्चों को शिक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए निर्माण योजना को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों के लिएदूसरा घर होगा, जहां वे शिक्षा की शुरूआत करेंगे। भूमि पूजन में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, रामफल बेदिया, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, मोती नारायण सिंह, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, रामफल बेदिया, योगेश बेदिया, बिंदेश बेदिया, राम बालक, विद्या राजकुमार करमाली व अन्य मौजूद थे।

## रामगढ़ डेली मार्केट के चार दुकानों का चोरों ने तोड़ा ताला

रामगढ़। रामगढ़ शहर में चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इस बार चोरों ने पुराने बस स्टैंड के डेली मार्केट में चार दुकानों का ताला तोड़ दिया। चारों दुकान से लगभग 50 हजार रुपए की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की तफ़्तीश शुरू कर दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर बीरबल हेंब्रम इस पूरे मामले की तस्वीर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने कॉस्मेटिक और मोबाइल दुकान से कीमती सामान उड़ा लिया। सुनील कुमार के मोबाइल दुकान से लगभग 30 हजार रुपए की संपत्ति चोरी हुई है। यहां से नए और पुराने मोबाइल, ब्लूटूथ, स्पीकर और इयरबड की चोरी की गई।इसके अलावा मो सोहेल और मो फिरोज के कॉस्मेटिक दुकान से लगभग 10 से 15 हजार की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। मोहम्मद जावेद की दुकान का भी ताला चोरों ने तोड़ दिया।

# कुजू : पुंडी परियोजना को चालू करने के लिए कवायद हुयी तेज

### सीसीएल के तकनीकी निदेशक ने किया अधिगृहित क्षेत्रों का निरीक्षण



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के वर्षों से बंद पड़े पुंडी परियोजना को पुनः चालू करने के लिए कवायद शुरू हो गई है।

तकनीकी निदेशक (पीएंडपी) शंकर नागचारी ने बुधवार को परियोजना के अधिगृहित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुंडी पंचायत के सीसीएल अधिगृहित क्षेत्र भूताही में पहुंचकर प्लान को देखा। कोलियरी के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया जाता है कि सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी परियोजना को चालू करने को लेकर अधिकारियों का निरीक्षण किया जा रहा है।

मौके पर कुजू महाप्रबंधक आरके सिंहा, पुंडी परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह, कार्मिक प्रबंधक रॉबर्ट शांडिल, मुरली मनोहर, मैनेजर चंद्रा, संजय कुमार, शमशाद अली,संजीत मंडल, रामप्रसाद बेदिया, ध्रुव कुमार, राजकुमार मांझी, नजरुल अंसारी आदि मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कई छात्राएं सम्मानित

## अंबडेकर जयंती संपन्न



**विष्णुगढ़ ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 3 दिनों से चल रहे अंबेडकर जयंती समारोह का पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार मंडल और दौलत महतो बीएड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी सहित बीआरसी के बीपीएम कुणाल चौरसिया, बीआरपी विनय पांडेय, बेड़हरियारा मुखिया रामचंद्र महतो, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चण और दीप प्रज्वलित कर किया। रविंद्र कुमार मंडल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बाबा साहब के विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं के ज्ञान वृद्धि के साथ आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म मिलता है। प्राचार्य डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि इतने दिन के अवधि में कस्तूरबा विद्यालय में तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम मानना संभवतः पहला मौका है। इस दौरान बच्चियों को काफी कुछ सीखने को मिला है। जो शिक्षण संस्थान के लिए अनिवार्य है। इसके लिए वार्डेन का प्रयास काबिले तारीफ है। बीपीएम चौरसिया ने भी कार्यक्रम की तारीफ करते हुए छात्राओं को बाबा साहब के विचारो को आत्मसात करने की बात कही। इसके अलावा अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में तीन दिवसीय जयंती समारोह के दौरान आयोजित 6 से 8वीं कक्षा में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली कक्षा 8वीं को किरण मरांडी, द्वितीय आने वाली प्रियंका मुर्मू तथा तृतीय स्थान लाने वाली प्रियंका हांसदा तथा 9 से 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाली कक्षा 11वीं की लक्ष्मी कुमारी-2, द्वितीय आनेवाली सोनी मरांडी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 10वीं के संजना कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ हीं 6 से 8 के लिए आयोजित क्विज के लिए कक्षा 7वीं की रौशनी खातून प्रथम, कक्षा 8वी की किरण मरांडी द्वितीय और 7वीं की कुसुमलता तृतीय एवं कक्षा 9 से 12वीं के लिए कक्षा लक्ष्मी कुमारी -1 प्रथम, 10वीं की संजना कुमारी द्वितीय और 11वीं की सोनी मरांडी तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रशीदा खातून, लक्ष्मी कुमारी -1, प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी -2, खुशी कुमारी को कार्यक्रम में बेहतर सहयोग देने के लिए मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम का समापन वार्डन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में लीलावती कुमारी, हेमा कुमारी, किरण कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, बालेश्वर प्रसाद, जस्मीन कुमारी, नंदिया कुमारी, कौकेश्वरी देवी, भत्तू साव, गंगिया देवी, नारायण साव आदि शिक्षक व शिकाकेत्तर कर्मी मौजूद थे

एक नजर में

## रसोई धमना मोड़ पर अंडरपास के लिए ग्रामीणों ने शिविर में दिया आवेदन



बरही । थाना क्षेत्र के रसोई धमना मोड़ पर अंडरपास नहीं बनने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि रसोई धमना पंचायत की आबादी पांच हजार से अधिक है। इस पंचायत से सटे बेंदगी पंचायत है, जिसकी आबादी तीन हजार से अधिक है। सभी ग्रामीण सड़क के इसी तरफ स्थित रसोई धमना मोड़ से आते-जाते हैं। श्मशान घाट, कब्रिस्तान, ईदगाह, किसानों के खेत के अलावा हिंदू-मुस्लिमों की अंतिम यात्रा सड़क के दूसरी तरफ से निकलनी पड़ती है। किसान अपने पशुओं को लेकर सड़क के इसी तरफ चलते रहते हैं, इस दौरान कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि फोर लेन सड़क होने के बावजूद भी आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, अगर आठ लेन सड़क का निर्माण किया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी ने हम सभी ग्रामीणों को बताया कि रसोई धमना मोड़ से बाईपास से बरही की ओर जाने वाली सड़क तक बीओपी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे हम सभी ग्रामीणों को उस पर जाने और फिर वापस रसोई धमना मोड़ आने में करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं ग्रामीण तौकीर राजा के नेतृत्व में बरही थाना परिसर में आयोजित लोक शिकायत निवारण शिविर में एक शिकायत की प्रतिलिपि भी दी गई। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, हरि यादव, राजदेव गुप्ता, अनुज यादव, मो. तबरेज अंसारी, मो. तस्लीम अंसारी, मिथिलेश कुमार, प्रो हीरामन साहू, मो. खलील अंसारी, मौलाना इस्लाम, मिथलेश ठाकुर, सीताराम साहू, केशव साहू, बासुदेव साहू, मो. हैदर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मो. अख्तर अंसारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## दारू से बादल कुमार गिरफ्तार

दारू । थाना क्षेत्र अंतर्गत झरपो निवासी बादल कुमार को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि 113/24 दिनांक 3 .10 .24 धारा 87 बीएनएस के प्राथमिक के अभियुक्त बादल कुमार पिता छोटन महतो ग्राम झरपो थाना टाटीझरिया जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## रंजना पेट्रोल पंप के पीछे बेहोश मिली महिला

दारु । रंजना पेट्रोल पंप के पीछे एक महिला सुबह से अर्धनग्न व घायल अवस्था मे पड़ी हुई थी जिसे सुल्तानी रविदास की कुछ महिलाओं ने देखा और महिला को वस्त्र पहनाया। महिला की स्तिथि बहुत ही नाजुक थी जिसे महिलाओं ने कुछ खाने के लिए दिया और पानी पिलाया। खाने पिने के बाद महिला की स्तिथि थोड़ी ठीक हुई और वह खुद को बिहार की निवासी और अपना नाम नीतू पासवान बताती है। महिला मंगलवार की रात जबरा मे थी जहाँ कुछ घरों पर वह पत्थर चला रही थी इसी दौरान किसी ने उसे भी पत्थर से मार दिया जिसमे उसका माथा और होंठ बुरी तरह से फट गया।महिला के शरीर से काफी खून निकल रहा था सुल्तानी बस्ती की महिला और दारु थाना पुलिस के सहयोग से उसे बुधवार की शाम को ए म्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## विधायक रोशन लाल चौरी की पहल पर सौंदा डी में डीवीसी का 11000 वोल्ट का तार हुआ ऊपर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विगत कई वर्षों से सौंदा डी रामनगर स्थित श्री पंचमुखी मंदिर के निकट डीवीसी का 11000 वोल्ट का हाई वोल्टेज तार आवासीय कॉलोनी के बीच से काफी नीचे गुजर रहा था। जिससे स्थानीय निवासियों में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा और सुनील कुमार सिंह (टूगू सिंह) ने इस गंभीर समस्या से विधायक रोशन लाल चौधरी को अवगत कराया। विधायक श्री चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक के त्वरित संज्ञान और पहल पर डीवीसी विभाग द्वारा उक्त हाई वोल्टेज तार को सुरक्षित ऊंचाई पर शिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस जनहित के कार्य के लिए स्थानीय निवासियों ने विधायक रोशन लाल चौधरी एवं डीवीसी विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है।

## कुजू : स्कूल प्रबंधन खिलाफ मामला दर्ज

कुजू। ओपी क्षेत्र के आरा उत्तरी पंचायत के डुमरबेडा अगरिया टोला में स्कूल की वैन की चपेट में आने से 4 साल के मासूम बच्चे की मौत के बाद पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि आरा स्थित बाल विद्या मंदिर के एलकेजी के छात्र मो जिहब आलम (4 वर्ष) छुट्टी होने के बाद स्कूल वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 से डुमरबेडा अगरिया टोला पहुंचकर जैसे ही घर जाने के लिए आगे बढ़ा वैसे ही चालक मो एकरार ने वैन चढ़ा दिया। वही ग्रामीणों द्वारा पूछताछ में बताया कि वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 का बीमा, फिटनेस चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी नही है। उक्त वैन बाल विद्या मंदिर के नाम से पंजीकृत है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने का मांग किया है। वही बुधवार की देर शाम पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## राशन कार्ड धारक 30 अप्रैल तक कराएं केवाईसी, नहीं तो कट जाएगा नाम : डीसी



रामगढ़। रामगढ़ जिले में राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी लगातार जारी है। ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल आखिरी तारीख तय की गई है। अगर इस दिन तक जो व्यक्ति अपना ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उनका नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने एक आदेश भी जारी किया है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी राशन कार्डधारियों और सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल कार्ड की संख्या 1,49,062 में कुल सदस्यों की संख्या 6,65,261 है। इनमे से अभी तक 5,13,722 सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो पाया है। शेष 1,51,839 सदस्यों का 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना अतिआवश्यक है। शेष सभी राशन कार्डधारी और सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से सम्पर्क कर ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, वैसी स्थिती में माह मई से उनका नाम राशन कार्ड से विलोपित हो जाएगा।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में फरियादियों ने रखी समस्याएं, जल्द समाधान का मिला आश्वासन

## सभी थाना प्रभारी दूसरे के दर्द को अपना दर्द समझ कर करें समाधान : अश्विनी कुमार सिन्हा

- **विभिन्न थाना क्षेत्रों से 46 मामले को लेकर प्राप्त हुआ शिकायत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कोडरमा। पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने का गुहार लगाया। वहीं जिला मुख्यालय स्थित बिरसा सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन पुलिस उप महानिरीक्षक (वायरलेस) अश्विनी कुमार सिन्हा व पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीआईजी श्री सिन्हा ने कहा की जनता और पुलिस के बीच बेहतर सम्बंध स्थापित करने और त्वरित गति से जन जनसमस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों के दर्द को अपना दर्द समझ कर समस्याओं का समाधान करें। वहीं झुमरीतिलैया के एक फरियादी अरुण कुमार की शिकायत पर उन्होंने गम्भीरता दिखाते हुए कहा कि पुलिस पूरी निष्ठा और निष्पक्ष भाव से जन समस्याओं का समाधान करे, ताकि जनता का विश्वास पुलिस पर बना रहे, लोग बेझिझक होकर और पूर्ण विश्वास के साथ थाना में अपनी समस्याएं रख सके। वहीं उन्होंने कहा कि बहुत ही कम समय मे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आमजनों के बीच लोकप्रिय हो चुका है। कार्यक्रम में आये मामलों का त्वरित गति से निष्पादन होने के कारण, लोगों का इसके प्रति विश्वास भी बढ़ रहा है। वहीं उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और अन्य पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हो रहे मामलों को चरणबद्ध और त्वरित गति से निष्पादित करें। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में प्राप्त हो रहे शिकायतों को काफी गम्भीरता से लेते हुए, मामलों को तेजी से निष्पादित किया जा रहा है, प्राप्त मामलों के निष्पादन प्रक्रिया पर भी नजर रखी जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कुल 46 मामले आये, इसमें बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वाधिक 34, जयनगर के पूर्वी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में 6 और सतगावां शिवपुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में 6 मामले आये। मौके पर सीओ हलधर प्रसाद सेठी, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग की बैठक, डीडीसी ने दिए कई निर्देश

कोडरमा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक बैठक की गयी। बैठक के दौरान सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफॉर्म वितरण, स्कूलों में नामांकन, डाकघरों में छात्र-छात्राओं के खाता खुलवाने, पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की प्रगति आदि की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी स्कूली बच्चों का पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने, शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं के बीच यूनिफॉर्म का वितरण सुनिश्चित करने के साथ उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्कूलों में नामांकन कार्य की समीक्षा कर प्रखंडों के बीपीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बच्चों का नामांकन करवाने, छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनवाने आदि का निर्देश दिया। वहीं उन्होने कहा कि स्कूलों में शिक्षा समेत अन्य कार्यों की व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए जल्द ही मोनिटरिंग टीम का गठन किया जाएगा। मौके पर डीडीसी के अलावे डीएसई अजय कुमार, आरईओ कंचन कुमारी, बीईईओ जगन्नाथ प्रसाद समेत अन्य शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### मृतक के घर पहुंचे सांसद, दी सांत्वना



हंटरगंज/चतरा। रविवार को महुआ चुनने के दौरान वज्रपात से हुई एक व्यक्ति की मौत के बाबत शनिवार को लगभग 11 बजे स्थानीय स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह ने पीड़ित परिजनों के घर कल्याणपुर गांव पहुंच कर ढाढस बंधाया तथा दुख की इस घड़ी में उन सबको सब्र बंधाई। ढाढस बंधाते हुए सांसद ने कहा कि यूं तो प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता। परन्तु आपदा से पीड़ित परिजनों के प्रति सरकार व मानव का कर्तव्य बनता है कि उनके लिए कुछ करे। रविवार को घटी घटना ने पीड़ित परिवार को झकझोर कर रख दिया है। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदना पीड़ितों के साथ है। मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया, भाजपा प्रखण्ड मीडिया प्रभारी नितेश कुमार, सकिंद्र कुमार, गुंजीत सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीणों को हो रही परेशानी



हंटरगंज (चतरा)। हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत के बिहिया सरहचिया गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास लगा सोलर जलमीनार पिछले पांच साल से खराब पड़ा है। यह जलमीनार 14वें वित्त आयोग से करीब 3 .84 लाख रुपये की लागत से बनाया गया था। शुरुआत में इस जलमीनार से स्कूल के बच्चों, ग्रामीणों और राहगीरों को साफ पानी मिल रहा था, जिससे सभी को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद जलमीनार बंद हो गया, और तब से इसे ठीक नहीं कराया गया है। अब गर्मी बढ़ने के साथ लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। स्कूल में लगे चापाकल से कभी पानी निकलता है तो कभी नहीं। ऐसे में बच्चों और ग्रामीणों को इधर-उधर भटककर पानी ढूंढना पड़ रहा है। ग्रामीण पवन कुमार, रंजन कुमार, चंदन कुमार, विपिन कुमार, अमित कुमार और धीरज कुमार समेत कई लोगों ने सोलर जलमीनार को जल्द ठीक कराने की मांग की है। इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### महिलाओं के बीच डाबर कंपनी ने पोषण सामग्रियों का किया वितरण



टंडवा (चतरा)। स्वयंसेवी संस्था भारतीय उज्जवल विकास केंद्र ने डाबर कंपनी के सहयोग से सैकड़ों महिलाओं के बीच पोषण सामग्रियों का वितरण किया। यह वितरण संस्था के कार्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया। जहां सर्वप्रथम महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देकर जागरूक किया गया। जिसके उपरांत पोषण को बढ़ावा देने के लिए संतरा, सेव, अमरूद, ग्लूकोज, हल्दी कैप्सूल, बाथरूम क्लिनर सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। बताया गया कि महिलाओं में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें पोषित करने को लेकर यह वितरण किया गया है। इस मौके पर सचिन कुमार, मनान अंसारी, ललन साव, अंशू कुमारी, आनंद कुमार, द्रौपदी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर आयोजित



टंडवा (चतरा)। टंडवा थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार, अंचल अधिकारी विजय दास, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव उपस्थित थे। इस बीच टंडवा थाना अंतर्गत कुल छह मामले शिविर में सामने आए। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मामलों का निष्पादन मौके पर ही किया गया एवं शेष चार मामलों का अग्रेतर कार्रवाई जारी किया गया।

### ई-कार्ट कुरियर सर्विस के कर्मी पर 10 लाख से अधिक राशि गबन करने का आरोप

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियाराबर स्थित ई-कार्ट कुरियर सर्विस कंपनी के ही कर्मी द्वारा 10 लाख रु. से अधिक राशि गबन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी के ही डोमचांच ब्रांच स्थित सुपरवाइजर ने कंपनी को चूना लगा रहा था। मामले को लेकर रीजनल मैनेजर अरविंद कुमार पांडेय ने दो दिन पहले थाना में आवेदन देकर अपने दो सुपरवाइजर के खिलाफ 10 लाख रु. से अधिक गबन करने को लेकर शिकायत की है। इसमें बताया है कि सिर्फ मोबाइल एक्सचेंज में रिटर्न जाने वाले मोबाइल के बदले डेड मोबाइल भेजा गया है। इसमें पांच लाख 17 हजार रु. का गबन किया है, जबकि कुरियर से आने वाले अन्य सामानों को पैकिंग से खोलकर ग्राहक को दे देते थे और उसमें फर्जी सामान भेजते थे, जिसमें चार लाख का गबन किया गया है। ग्राहक को डिलीवर किए गए पार्सल का एक लाख रु कंपनी को नहीं दिया है। इधर मामले को लेकर पुलिस ने आरोप लगे कर्मी को हिरासत में लेकर मंगलवार की रात पूछताछ की है, जिसमें कंपनी में कार्य कर रहे और कर्मी की भी मिलीभगत की बात सामने आई है। इसके बाद कर्मियों ने कंपनी के रीजनल मैनेजर को कुछ रुपया लौटाया है। बाकी रुपया देने की बात कही है।

## गणपति इलेक्ट्रॉनिक की दूसरी शाखा का उद्घाटन




डोमचांच (कोडरमा)। नगर पंचायत स्थित 11 नम्बर चौकी के समीप गणपति इलेक्ट्रॉनिक की दूसरी शाखा का उद्घाटन किया गया। वहीं शाखा का उद्घाटन उमेशचंद्र बर्णवाल व सुजीत कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस शाखा के प्रोपराइटर प्रेमांशु कुमार ने बताया कि हमारे शाखा में रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, कूलर, पंखा, आयरन, सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री उचित दामों में उपलब्ध हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे यहां फायनेंस, लोन आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। मौके पर हिमांशु कुमार, सुधांशु कुमार, राम विलास यादव, पवन गोस्वामी, जीतेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, अमरजीत कुमार, गौतम पांडेय, मुकेश पांडेय, संदीप सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चली छापेमारी, मामला दर्ज

सतगावां (कोडरमा)। विद्युत निगम मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत ऊर्जा चोरी के रोकथाम को लेकर बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 40 वर्षीय सीमा देवी, 55 वर्षीय बंधन राय, 55 वर्षीय प्यारी राय, 46 वर्षीय पोखन राय, 56 वर्षीय बहादुर राय, 59 वर्षीय चंद्रलेख राय, 39 वर्षीय टापू विश्वास, 52 वर्षीय लालजीत राय तथा 59 वर्षीय दुलारचंद राय के नाम शामिल हैं। उक्त लोगों पर विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। छापेमारी दल में कनीय विद्युत अभियंता धीरज कुणाल, कुंजेश मिस्त्री, मो.उस्मान गनी, विक्की कुमार आदि शामिल थे।

## बरकट्ठा विधायक ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ



जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत नौकाडीह में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण श्री श्री 108 श्री एकादशी उद्यापन सह श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा जय सियाराम, भारत माता की जय, विश्व का कल्याण हो सहित कई नारे लगाए जा रहे थे। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा है कि इस तरह का कार्यक्रम आयोजन करने से क्षेत्र में हमेशा सुख समृद्धि मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने धार्मिक भावना से कार्यक्रम में सहभागिता की एवं कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## खपरैल मकान में शॉर्ट्सर्किट से लगी आग

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत दसारो खुर्द निवासी फातिम खातून पति स्व. इब्राहीम मियां व आसमां खातून पति स्व. सहादत मियां के मिट्टी व खपैरेल से बने मकान में अचानक शॉर्ट्सर्किट से आग लग गई। जिससे घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत लाखों रुपये का समान जल कर राख हो गया। वहीं गृह स्वामी फातिमा खातून व आसमां खातून ने बताया कि आग लगने से घर में रखे गेहूं, चावल, कीमती कपड़े, बर्तन, जानवर का चारा कुट्टी, चौकी, खटिया जल कर राख हो गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख बताया जा रहा है। आग की लपटें इतनी तेज थी की आग बुझाने में ग्रामीणों को चार पम्प सेट को लगाना पड़ा, तब जाकर घंटों बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या, मृतक के भाई ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप




मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बीघा में बुधवार की सुबह फांसी के फंदे से झूलता एक महिला का शव बरामद किया गया। वहीं शव की पहचान बीघा निवासी 28 वर्षीय ललिता देवी पति अंशु मेहता के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी में कुछ कहा सुनी हो गयी थी। उसके बाद दोनों खाना-पीना खाकर सो गए, जब सुबह पति उठा और दूसरे कमरे में देखा तो उसकी पत्नी दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद हो हल्ला किया और आसपास के लोग इकट्ठा हुए तत्पश्चात शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। वहीं फांसी से लटकी हुई महिला के शव की सूचना नवलशाही पुलिस को दी गयी, इसके बाद पुलिस ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताते चलें कि ललिता देवी का विवाह अंशु कुमार मेहता से प्रेम प्रसंग में हुआ था। वहीं मृतक के माता-पिता और भाई मृतक के ससुराल वालों पर अपनी बेटी को जान से मार कर फांसी में लटका देने का आरोप लगाया है।

## कोडरमा के शहरी इलाके में हाथियों के झुंड ने पहली बार दी दस्तक

- **400 केले के पौधे को बनाया चारा, गेहूं की फसल और दीवार को किया क्षतिग्रस्त, लोगों में दहशत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





झुमरीतिलैया (कोडरमा) कोडरमा के ग्रामीण इलाकों में पिछले करीब डेढ़ महीने से हाथियों का मूवमेंट देखा जा रहा है। वहीं वन विभाग लगातार हाथियों को जिले से बाहर करने का प्रयास में जुटी हुई है, हाल के दिनों में वन विभाग ने हाथियों के झुंड को बिहार के जंगलों में प्रवेश कराया था, मगर एक बार फिर हाथियों के झुंड ने वापस कोडरमा में दस्तक दी है। इस बार हाथियों का झुंड शहरी इलाके में प्रवेश कर गया है, फिलहाल हाथियों का झुंड एक बड़े बाउंड्री कैंपस में है, जहां लगे 400 केले के पौधे को हाथी अपना आहार बनाकर विश्राम कर रहे हैं।

**आधी रात दीवार टूटने और हाथियों के आवाज से ग्रामीणों में मची अफरा तफरी :** झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 28 मडुआटांड और यदुटांड़ के इलाके में मंगलवार की देर रात अचानक हाथियों के झुंड खेतों में लगे गेहूं के फसल और बाउंड्री को क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया। दीवार टूटने और हाथियों की आवाज से लोगों की नींद खुली तो लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई। इस इलाके में आज तक हाथियों को नहीं देखा गया, झुंड में बच्चे और बड़े हाथी मिलकर 20 से 25 की संख्या में है। वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी, इसके बाद वन विभाग द्वारा पटाखा छोड़कर और आग जलाकर हाथियों को रिहायसी इलाकों से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

**सिंचाई के अभाव में काफी मेहनत से तैयार किया था गेहूं का फसल :** ग्रामीण महावीर यादव ने बताया कि सिंचाई का बेहतर साधन नहीं होने के बाद भी उन्होंने गेहूं का फसल लगाया था, हाल के दिनों में हुई बारिश की वजह से उन्होंने तैयार फसल को खेत में ही तिरपाल से ढंक कर रखा था। हाथियों के झुंड के द्वारा उनके तैयार गेहूं के फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है, जिसमें उन्हें करीब एक लाख रुपये की क्षति हुई है। इस दौरान हाथियों के झुंड ने बिजली विभाग के द्वारा लगाए गए चार से पांच विद्युत पोल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं किसान रंजीत यादव ने बताया कि खेत में सिंचाई का साधन नहीं होने पर कुआं बनाकर उन्होंने काफी मेहनत से गेहूं का फसल तैयार किया था, अचानक पहुंचे हाथियों के झुंड ने करीब 15 एकड़ में लगे गेहूं के फसल को रौंद दिया हैं। जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

**महुआ के सुगंध की ओर आकर्षित होते हैं हाथी :** वन विभाग के एएसआई पंकज कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जिले के ग्रामीण इलाकों में हाथियों के झुंड को देखा गया था, शहरी इलाके में हाथियों ने पहली बार प्रवेश किया है। अभी महुआ का सीजन है, हाथी इसकी सुगंध की ओर आकर्षित होते हैं और उसी तरफ आगे बढ़ते हैं। वहीं उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। वहीं उन्होंने बताया कि लोगों से वन विभाग अपेक्षा रखती है कि हाथियों को सुरक्षित जंगली क्षेत्र में पहुंचाने के लिए ग्रामीण कम आबादी वाले रास्ते को खाली रखेंगे, ताकि वन विभाग की टीम हाथी को आबादी वाले इलाके से दूर कर सके।

**हाथियों द्वारा नुकसान पर मुआवजे का भी है प्रावधान :** उन्होंने बताया कि कुछ किसानों के फसल और कुछ लोगों के मकान एवं बाउंड्री क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है, हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाने पर विभाग के द्वारा मुआवजा देने का प्रावधान है। इसके लिए लोगों को वन प्रमंडल पदाधिकारी के पास आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा। वहीं उन्होंने बताया कि फिलहाल हाथी एक बड़े बाउंड्री के भीतर स्थिर हैं, बाउंड्री में लगे केले के पौधों को भी हाथियों ने अपना चारा बनाया है और फिलहाल आराम की मुद्रा में है। उन्होंने बताया कि दिन में हाथियों का मूवमेंट कम होता है, हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगली क्षेत्र में पहुंचाने के लिए वन विभाग केद्वारा पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से एक विशेष टीम को बुलाया गया है।

वहीं उन्होंने बताया कि हाथियों के मूवमेंट के दौरान अपने घर के आसपास आग जलाकर रखें और बच्चों को दूर रखें। हाथियों का झुंड लाराबाद की तरफ से शहरी इलाके में प्रवेश किया है। अक्सर हाथी वापस उसी रास्ते से लौटते हैं लेकिन वन विभाग के पास इन्हें हजारीबाग के जंगलों में प्रवेश कराने का भी प्रयास रहेगा।

## दादी ने पोते की हत्या कर दफनाया, गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गझण्डी में एक छह वर्षीय बच्चे की हत्या करने के मामले का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। पुलिस ने बच्चे के शव को एक जंगल में गड्ढा खोदकर बरामद किया था। इस संबंध में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि मृतक बच्चे की मां पूनम देवी द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर तिलैया थाना में कांड संख्या 123/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा मामले का उद्भेदन एवं काण्ड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुनि सह थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मृतक 6 वर्षीय विक्रम कुमार को बच्चे की सौतेली दादी द्वारा हत्या कर शव को जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दण्डाधिकारी की उपस्थिति में शव को विधिवत कब्र से निकाला गया तथा मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं अनुसंधान के क्रम में कांड की प्राथमिकी अभियुक्त रेखा देवी पति मनोज यादव, गझण्डी थाना तिलैया निवासी जो कि मृतक की सौतेली दादी है, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रेखा देवी ने अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान में द्वेष की भावना से साड़ी जैसा रस्सी से अपने सौतेले पोता विक्रम कुमार के गले में चारों तरफ लपेट कर हत्या को अंजाम देने की बात बताई है। हत्या में प्रयुक्त रस्सी को अभियुक्त रेखा देवी की निशानदेही पर बरामद किया गया है। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, मेनका बिरूली, अभिमन्यु परिहारी, तकनिकी शाखा, महादेव पाण्डेय, तिलैया थाना, नरेश सिंह, तिलैया थाना व सशस्त्र बल तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

# झुमरीतिलैया स्टेशन रोड से महाराणा प्रताप चौक तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

- **बाइक व टोटो जब्त, सड़क पर कचरा फेंकने पर लगी फटकार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जहां-तहां टोटो खड़े पाए जाने पर होगी कार्रवाई : अंकित गुप्ता**

नगर परिषद प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि जहां-तहां टोटो खड़े पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद शहर को साफ-सुथरा और सुगम बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। अभियान में नगर परिषद प्रशासक अंकित गुप्ता, अंचल अधिकारी हलधर कुमार सेठी, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक समेत नगर परिषद कर्मी उपस्थित थे।

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत स्टेशन रोड से की गई, जो महाराणा प्रताप चौक तक चला। इस दौरान नगर परिषद, अंचल प्रशासन और सफाई विभाग की संयुक्त टीम मुस्तैदी से मौके पर डटी रही। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलों का चौक जब्त कर उन्हें नगर परिषद कार्यालय भेजा गया। अब वाहन मालिकों को जुर्माना भरने के बाद ही चौक वापस मिलेंगे।

**पांच टोटो को जब्त कर भेजा गया थाना :** वहीं जहां-तहां अनियमित तरीके से खड़े टोटो चालकों पर भी कड़ी कार्रवाई हुई एवं पांच टोटो को जब्त कर स्थानीय थाना भेजा गया। वहीं प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं होंडा शोरूम के बाहर खड़ी कई मोटरसाइकिलों का चौक भी जब्त किया गया एवं शोरूम प्रबंधक को सख्त चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा ऐसी स्थिति पाई गई तो प्रतिष्ठान पर जुर्माना लगाकर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

**ओवरब्रिज पर खड़े चारपहिया वाहनों पर भी कार्रवाई :** ओवरब्रिज पर खड़े चारपहिया वाहनों की सूचना जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजी गई है, ताकि नियमानुसार उन पर जुर्माना लगाया जा सके।

**अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने का निर्देश :** स्टेशन रोड से झंडा चौक तक अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने का निर्देश सीओ हलधर कुमार सेठी को दिया गया।

**कचरा फैलाने व नाली का पानी बहाने पर फटकार :** बिग बाजार के प्रबंधक को सड़क पर कचरा फेंकने को लेकर एसडीओ रिया सिंह ने जमकर फटकार लगाई। वहीं वंदना स्वीट्स के समीप बहते नाले के पानी को लेकर अशोक राणा पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं कन्हैया स्वीट्स के बगल नाली पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को एसडीओ ने तुरंत हटाकर अशोका होटल के पीछे स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया।

**चांडक कैंपस के पास बनेंगे दो पार्किंग जोन :** चांडक कैंपस के पास दो स्थानों पर पार्किंग जोन बनाने का निर्देश एसडीओ रिया सिंह ने नगर परिषद को दिया। उन्होनें लोगों को चेतावनी दी कि नो पार्किंग और अतिक्रमण कर रखी चीजें अविलंब हटा लें, अन्यथा कार्रवाई तय है।

## जिला पोषण समिति की बैठक में चतरा उपायुक्त ने की पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चल रहे पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व पर स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग की भूमिका को रेखांकित किया गया। गर्भवती महिलाओं की देखभाल और पोषण के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने हेतु जेएसएलपीएस के तहत महिला समूहों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को स्वच्छता और साफ-सफाई को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। वहीं गर्भवती महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम, मातृत्व देखभाल और पोषण में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने में पंचायती राज की भूमिका को भी अहम बताया गया। स्थानीय स्तर पर मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए। 'पोषण ट्रैकर ऐप' को लोकप्रिय बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाने की बात कही गई। साथ ही बच्चों में मोटापा रोकने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्क्रीन टाइम कम करने, आउटडोर गतिविधियां बढ़ाने और जंक फूड से परहेज के लिए स्वास्थ्य और आईटी विभाग को विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश मिला।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश प्रसाद, समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नेतरहाट की तर्ज पर तीन और विद्यालय खोलेगी झारखंड सरकार : रामदास सोरेन

- कहा, जनजातीय बच्चों को वैज्ञानिक शिक्षा प्राथमिकता से देगी झारखंड सरकार
- कहा, जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जाने जाता है आदिवासी समुदाय
- सी.एस.आई.आर.झ्राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में जनजातीय गौरव वर्ष का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर में जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधुरी, सीएसआईआर सीएमईआरआई, दुर्गापुर के निदेशक डॉ नरेश चन्द्र मुर्मू, प्रमुख वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति प्रतिनिधि डॉ मनोज एम हुमने तथा प्रशासनिक नियंत्रक आदित्य मैनाक उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकगण के साथ-साथ सीएसआईआर एनएमएल में कार्यरत सभी सदस्य उपस्थित थे।

जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर, 15 नवंबर 2024 को, उन्हें सम्मान देने के लिए की थी। इस वर्ष का उद्देश्य जनजातीय आंदोलनों में जननायकों के योगदान को रेखांकित करना है। उन्होंने पूरे वर्ष को भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का अनुरोध किया। इस पहल के तहत देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय योगदान से संबंधित उपलब्धियों को उजागर किया जाएगा, और यह कार्यक्रम 15 नवंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान छोटे-छोटे कार्यक्रमों से जनजातीय मामलों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने का प्रयास किया जायेगा।


जन जातीय गौरव वर्ष समारोह का उद्घाटन करते झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन। साथ में एनएमएल के निदेशक डा संदीप घोष चौधुरी व अन्य।

मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन रहे। उन्होंने इस जनजातीय गौरव वर्ष उत्सव की शुरूआत बच्चों के साथ संवाद से की। उन्होंने बच्चों को झारखंड की स्थापना, नामकरण, और इसके इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने तिलका मांझी, सिदो-कान्हू और फुलो-झानो जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों के योगदान पर विस्तार से बात की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर झारखंड बनने तक के संघर्ष को उजागर किया और बताया कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा हेतु जनजातियों द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों से झारखंड की स्थापना हुई।

मंत्री रामदास सोरेन ने स्वयं को गढ़वाली महसूस करते हुए बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें बताया कि वे जो भी प्रयोगशालाओं में देख रहे हैं, उन्हें समझें और सोचें, कि वह अपने भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन और करियर से भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने इसका उदाहरण ट्रेन की यात्रा से दिया– अगर आप सफर कर रहे हैं तो मंज़िल का पता होना चाहिए, और उस मंज़िल तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। इन प्रयासों में सीएसआईआर एनएमएल जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुए बताया कि कैसे पहले बालिकाओं की शिक्षा बीच में छूट जाती थी, लेकिन अब मेधा सम्मान योजना जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से वे अपनी पढ़ाई जारी रख पा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में वैज्ञानिकों की कमी है, और इस दिशा में बच्चों को आगे बढ़ना होगा क्योंकि वही झारखंड का भविष्य हैं। आगे चलकर यही बच्चे राज्य के प्रशासन, पुलिस, डॉक्टरी, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल क्षेत्रों में झारखंड के स्वर्णिम विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

मंत्री श्री सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से शिक्षा संबंधी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर झारखंड में तीन और विद्यालय खोले जाएंगे। इन स्कूलों में सीबीएसई करिकुलम अपनाया जाएगा ताकि बच्चे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम हो सकें। सरकार की प्राथमिकता है कि इन स्कूलों की सुविधाएं निजी स्कूलों से भी बेहतर हों– चाहे वह पुस्तकें हों, प्रयोगशालाएं, पोषण या अन्य शैक्षणिक सामग्री।

अंत में, उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे झारखंड के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में रहने वालों को ही राज्य के प्रशासनिक पदों पर रहकर योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को उचित लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जैसे पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम और झारखंड आंदोलन में भाग लिया, वैसे ही अब इस पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह झारखंड को अन्य विकसित राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करें।

## स्पीड न्यूज



### विधायक संजीव सरदार ने सीएम को दी बधाई

**जमशेदपुर।** आज रांची में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से स्नेहिल भेंट कर उन्हें झामुमो परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय मुलाकात में पोटका विधानसभा के नागरिकों के कल्याण और विकास से जुड़े विविध महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विकसित पोटका के संकल्प के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अडिग है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में पोटका तथा झारखंड का सर्वांगीण और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

### बिना परीक्षा फॉर्म भराये परीक्षा तिथि घोषित

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पीजी सेमेस्टर 1, 2, 3 ,4 का परीक्षा तिथि घोषित कर दिया, जिसमें 7 में से लेकर 16 में तक परीक्षा लिया जाना है। इससे छात्रों को बिना पी जी सेमेस्टर 3 के फार्म भरवा परीक्षा तिथि घोषित कर दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को काफी समस्या हो रही है। यूजीसी के अनुसार, परीक्षा फॉर्म भरने के बाद यूनिवर्सिटी को परीक्षा का रूटीन जारी करने के लिए कम से कम 15 दिन का समय देना चाहिए।

### हरहरगुट्टू में टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू



**जमशेदपुर।** 16 अप्रैल को बाग बेडा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में हर-हर गुट्टू रोड नंबर वन रोड नंबर 2 और रोड नंबर 3 में पानी दिया गया। इस अवसर पर समिति के संयोजक विनोद राम कृष्ण चंद्र पत्रों पवित्रा, रामेश्वर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार संजय प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### टीबी मरीजों को राशन और विटामिन उपलबध



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति इस माह भी टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 33वें महीने का राशन एवं विटामिन उपलब्ध कराया गया। बर्जर समुह की कम्पनी एसटीपी लि. ने अपने सीएसआर अभियान के तहत लगातार दूसरे माह इस अभियान में सहयोग प्रदान कर इस अभियान को सफल बनाने में भूमिका निभायी।

### रेडक्रॉस ने दी फर्स्ट एड ट्रीटमेंट की ट्रेनिंग



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने बुधवार को सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच पौष्टिक भोजन बनाकर पहुंचाने का कार्य करने वाली महत्वपूर्ण संस्था अन्न अमृता फाउंडेशन के बिष्टुपुर स्थित परिसर मे कम्युनिटी फर्स्ट एड एवं सीपीआर ट्रेनिंग प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्र के अधिकारी श्री सुधीर कुमार ने रेड क्रॉस की टीम का स्वागत किया। रेड क्रॉस की टीम ने खाना बनाने वाले कर्मियों, सहयोगी दीदीयों एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कर्मचारियों के बीच फर्स्ट एड, आपात स्थिति में एवं साधारण दूर्घटना की स्थिति में सकारात्मक भूमिका निभाकर किस प्रकार जान माल की सुरक्षा की जाए, इस पर बल दिया।

# घोड़ाबांधा में डकैती की योजना बनाते छह अपराधी गिरफ्तार

- अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह के सदस्य हैं गिरफ्तार युवक : सिटी एसपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम द्वारा गोविन्दपुर थाना अन्तर्गत डकैती की योजना बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 06 अपराधकर्मियों को 01 देसी कट्टा, 01 जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले खरीददार को आभूषण सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।


गिरफ्तार डकैतों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष।

गिरफ्तार युवकों के नाम हैं : पूरी,ओडिसा निवासी 22 वर्षीय तारा सिंह चौहान, पुरी,ओडिसा निवासी राहुल चौहान-20 वर्ष, मध्य प्रदेश के शहडोल निवासी 20 वर्षीय अजय चौहान, शहडोल-मप्र निवासी 19 वर्षीय आशीष चौहान, कटनी बेलात्कला-मप्र निवासी 19 वर्षीय बाबू गोंदिया और छावनी-औरंगाबाद महाराष्ट निवासी 19 वर्षीय संदीप सोलंकी। इनके साथ आभूषण व्यापारी अजय कुमार बर्मन को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो इनके चोरी के गहने खरीदा करता था। अजय बर्मन के पास से 99 ग्राम वजन के स्वर्ण आभूषण जब्त किया गया है।

गिरफ्तार डकैतों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, लोहे का पिनबारी 3, एक सलाई रिंच, एक पेचकस, एक टॉर्च भी बरामद किया गया है।

उक्त जानकारी जमशेदपुर के सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

## एक नजर में

### जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज की शिक्षिका डॉ अंजू को दी गयी भावपूर्ण विदाई



**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गेस्ट फैकेल्टी डॉ अंजू को पूरे कॉलेज ने सम्मान के साथ विदाई दी। प्राचार्य जितेंद्र कुमार एवं अन्य शिक्षको द्वारा उनके उत्कृष्ट तरीके से पढ़ाने को लेकर तारीफ की। बता दे कि डॉ अंजू जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में 3 वर्षों से लगातार अपनी सेवा दे रही थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान लीगल अवेयरनेस कैंप का आयोजन भी किया था, जिसमें लॉ कॉलेज के विद्यार्थी पहली बार डालसा की तरह कानून की जानकारी विभिन्न स्कूलों में दिये थे।

### आईसीएआई जमशेदपुर शाखा की नयी छात्र इकाई 2025-26 घोषित



**जमशेदपुर।** आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) जमशेदपुर शाखा की छात्र इकाई सीआईसीएएसए (सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन) की नयी समिति सत्र 2025-26 के लिए बुधवार को घोषित कर दी गयी। यह समिति छात्रों के पेशेवर विकास, नेतृत्व कौशल और सर्वांगीण उन्नति के लिए कार्यरत रहेगी। मौके पर शाखा अध्यक्ष सीए कौसलेंद्र दास ने नयी टीम को बधाई दी। कहा कि यह समिति छात्रों को प्रेरणादायक और समावेशी वातावरण देते हुए उनके पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। सीआईसीएएसए अध्यक्ष सीए चेतन अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वर्ष नवाचार, नये अवसरों और उल्लेखनीय उपलब्धियों से परिपूर्ण रहेगा। नयी कमेटी इस प्रकार है : सीए चेतन अग्रवाल अध्यक्ष, सीए आनंद अग्रवाल कार्यकारी सदस्य, छात्र अनिश अग्रवाल उपाध्यक्ष, रिंकी गुप्ता सचिव, दीपक खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, अपर्णा झा कॉन्फ्रेंस सचिव, कृष्णा अग्रवाल सांस्कृतिक सचिव, आयुष कुमार खेल सचिव बनाये गये हैं।

### करणी सेना नौ मई को धूमधाम से मनायेगी महाराणा प्रताप की जयंती, तैयारी शुरू



**जमशेदपुर।** बुधवार को क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने टेल्को क्षेत्र में हिंदू वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। अध्यक्षता मनोज सिंह ने की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी महाराणा प्रताप जयंती 9 मई को धूमधाम एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनायी जायेगी। बैठक में जयंती की रूपरेखा एवं अन्य विविध गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के अपने सुझाव दिये और सक्रिय सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, कोल्हान उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, लवकेश सिंह, मधु सिंह, कमलेश सिंह, प्रदीप सिंह, हिमांशु सिंह, नीतिश सिंह, बबलू सिंह, पवन सिंह, उदय प्रताप सिंह, सतीश सिंह, राधेश्याम सिंह, जयंत सिंह, प्रशांत सिंह, जगदंबा सिंह, अजय सिंह, राजेश सिंह, सुधीर सिंह, संतोष सिंह समेत अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल थी डॉ सुषमा झा : सिविल सर्जन




**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया की पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिवंगत डॉ सुषमा झा की पुण्य तिथि पर बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों व चिकित्सकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में डॉ सुषमा झा के कार्यों को भुला पाना कठिन होगा। अपने कार्यकाल में उन्होंने असंख्य मरीजों की सेवा की। चिकित्सा के क्षेत्र में निष्ठा एवं ईमानदारी का परिचय देकर उन्होंने एक मिसाल कायम किया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ जुझार मांझी ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा की। मौके पर दिवंगत डॉ सुषमा झा के पति एवं पूर्व सिविल सर्जन डॉ श्याम कुमार झा ने कहा कि चिकित्सक के साथ मरीजों के बीच अभिभावक के रूप में सुषमा की पहचान थी। बिल्कुल साधारण रहन-सहन की डॉ सुषमा को प्रसूति व स्त्री रोग में काफी अनुभवी मानी जाती थी। आर्थिक रूप से पिछड़े लोग उन्हें रक्षक के रूप में मानते थे।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में 2025-26 का ओरिएंटेशन डे का भव्य आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशल स्कूल में सत्र 2025 - 26 का ओरिएनटेशन डे का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग अलग पालियों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी नव नामांकित छात्रों के अभिभावकों को निमंत्रित किया गया। दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ।

उसके बाद बच्चों द्वारा अभिभावकों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस ओरिएंटेशन डे में ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों की उपस्थिति पायी गयी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ (श्रीमती) केया अदक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय के सभी नियमों से अवगत कराया तथा इन नियमों को छात्रों द्वारा अपनाने की अपील की। बीच-बीच मे अभिभावकों से वार्तालाप भी कायम रखा।

## आइडीटीआर के 12 छात्रों को मारुति सुजुकी व 11 को टाटा एडवांस सिस्टम ने किया लॉक

नोट : सेकेंड लीड
ॅ फोटो आइडीटीआर

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया/जमशेदपुर।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडो डेनिश टूल रूम में संस्थान में मारूती सुजुकी गुड़गांव, टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद, टाटा कमिंस जमशेदपुर, आरेस्टी इंडिया लिमिटेड, इंडिया स्टील सुमित प्रालि, भीजी इंडस्ट्रीज फरीदाबाद आदि प्रमुख कंपनियों द्वारा चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग, तीन वर्षीय मेकाट्रोनिक्स एवं तीन वर्षीय प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राईव चलाया गया। इस कैंपस में आइडीटीआर जमशेदपुर तथा टीआरटीसी पटना के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान 5.25 लाख रूपए के पैंकेज के साथ मारूती सुजुकी ने 12 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। बताया गया है कि छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए मारूती सुजुकी ने लगातार चौथी बार आईडीटीआर में कैंपस ड्राईव चलाया है।

इसी प्रकार, टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद ने भी कैंपस ड्राईव चलाकर करीब 3.25 लाख के पैकेज पर मेकाट्रोनिक्स तथा प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के 11 छात्र-छात्राओं का चयन किया। इसी वर्ष टाटा एडवांस सिस्टम ने चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग के इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए भी 56 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। इसके अलावा टाटा कमिंस ने इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए 88 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। टाटा कमिंस प्रत्येक वर्ष आईडीटीआर जमशेदपुर से छात्र-छात्राओं का चयन करती है। आरेस्टी इंडिया लिमिटेड ने भी 16, इंडिया स्टील सुमित प्रा.लि. ने 07 तथा भीजी इंडस्ट्रीज फरीदाबाद ने चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग के 01 छात्र का चयन किया। इस बावत आईडीटीआर के प्लेसमेंट प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक

## टिनप्लेट इवनिंग क्लब में मना बांग्ला नववर्ष पोईला वैशाख

- सौ वर्ष पूरे होने पर हुआ फोटो गैलरी का अनावरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टिनप्लेट स्थित इवनिंग क्लब अपनी स्थापना (1925) का सौवां वर्ष मना रहा है। बांग्ला नववर्ष पोईला वैशाख के दिन ही क्लब के सौ वर्षों के सफरनामा पर आधारित उत्तराधिकारी नामक फोटो गैलरी का अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन के ईआइसी उज्ज्वल चक्रवर्ती ने किया। उद्घाटन अवसर पर इवनिंग क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर सौर ज्योति डे, मैत्रेयी चक्रवर्ती, क्लब की महिला शाखा सहेली की अध्यक्षा सुदेशना डे आदि उपस्थित थे। इस फोटो गैलरी में इवनिंग क्लब की शुरुआती समय 1925 के बाद से हुए उत्तरोत्तर विकास की गतिविधियों को चित्र में देख कर रोमांच का अनुभव किया जा सकता है। शहर में कुछ अलग हटकर थीम आधारित दुर्गापूजा का वृतचित्र के माध्यम से आयोजित होना अपने आप में एक उदाहरण है। मौके पर आयोजित पोईला वैशाख का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्टार जलशा फेम अंकिता बसु ने बांग्ला लोकगीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की।


समारोह के दौरान फोटो प्रदर्शनी देखते टिनप्लेट डिवीजन के इआइसी उज्ज्वल चक्रवर्ती।

## सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के मुख्य पत्र नेशनल हेराल्ड के सम्पति का गलत उद्देश्य से ईडी विभाग द्वारा अधिग्रहण करने के खिलाफ तथा कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गाँधी, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल करना अत्यंत ही अमर्यादित है।उक्त विषय को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में जमशेदपुर स्थित जी. एस. टी कार्यालय में कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत आयुक्त जी एस टी को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम से मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने प्रदर्शन कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि 1938 में पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज के रूप में राष्ट्रहित का कार्य किया था।

## दो दिवसीय 20वां नेशनल ओलंपियाड 19 से, देश भर से 24 टीमें भाग ले रहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 20 वां राष्ट्रीय रचनात्मक ओलंपियाड 2025 हर साल की तरह द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर्स इंडिया, जमशेदपुर शाखा द्वारा 19 और 20 अप्रैल 2025 के दौरान राष्ट्रीय रचनात्मक ओलंपियाड का आयोजन कर रहा है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारी सतीश कुमार तिवारी एवं संयोजक एन राजेश कुमार ने आज संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रुप से दी।

उन्होंने बताया कि ओलंपियाड का उद्देश्य उत्साही छात्रों के बीच रचनात्मक और नवाचार को बढ़ावा देना है। साथ ही यह स्कूलों को रचनात्मक को बढ़ावा देने, अपने सबसे रचनात्मक और अभिनव छात्रों की पहचान करने और उनके कौशल को उचित तरीके से पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए करता है।


नेशनल क्रिएटिविटी ओलंपियाड के बारे में जानकारी देते सतीश कुमार व एन राजेश कुमार। साथ में डा नारंग।

दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 19 अप्रैल 2025 को होने वाले फाइनल के लिए 24 से अधिक टीमों का चयन किया गया है। डायरेक्ट डोमेन के लिए इस वर्ष का थीम है सुबह का पहला कार्यक्रम एक विश्लेषणात्मक चुनौती होगा।

दूसरी श्रेणी ओपन टाइप में स्कूलों को एक थीम दी जाती है और इस वर्ष की थीम है भूमि बहाली मरुस्थलीकरण और सुखे से निपटने की क्षमता।

यह ओपन डोमेन प्रतियोगिता जूनियर श्रेणी कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के लिए और सीनियर श्रेणी में कक्षा नवमी से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है।

प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ घोषित किए गए दो मॉडलों को ट्रॉफी के साथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। इस बार आउट स्टेशन के टीम में कानपुर, पटना, अलीगढ़, भुवनेश्वर, तिरुपति, पुरी, रांची, दुगार्पुर, हिमालय प्रदेश, उत्तराखंड, हैदराबाद, गुवाहाटी, असम आदि और जमशेदपुर के स्कूल से है।

## स्पीड न्यूज

### नवादा के रमेश सिंह के पुत्र का निधन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना के नवादा निवासी रमेश सिंह के पुत्र का आकस्मिक निधन सुबह 8 बजे हो गया। निधन की सूचना मिलते ही मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी सुरेंद्र सिंह परिजनों से मिलने पहुंचे और फूल माला हेतु सहयोग राशि देते हुए दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने श्राद्ध कार्य हेतु राशन उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया। मौके पर विकेश सिंह, सुकन साव, वकील अंसारी, प्रिंस कुमार, अंजन कुमार, सहदूल अंसारी, बालमुकुंद सिंह आदि उपस्थित थे।

### अगलगी में 150 बोझा गेहूं हुआ खाक



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के बाघमनवा पंचायत के चोरटिया गांव के एक खलिहान में बुधवार को आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखा 150 बोझा गेहूं जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्रिका यादव के खलिहान में एकाएक आग लग गयी। चंद्रिका ने कहा कि पूरा परिवार खेती पर ही निर्भर है। अब भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

### राहुल टीवीएस में आइक्यूब-09 का अनावरण



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के जपला-छतरपुर मुख्य पथ के खादी भंडार के समीप राहुल टीवीएस में कंपनी की नई स्कूटी आइक्यूब-09 का अनावरण हुआ। टीवीएस मोटर्स के अधिकारी चिराग गर्ग ने बताया कि टीवीएस की नई स्कूटी आइक्यूब- 09 में 2.2 Kwh लिथियम आयन बैटरी और बीएलडीसी हब-माउंटेड मोटर से लैस है, जो 4.4 KW की पावर और 140 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। यह 4.2 सेकंड में 0 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेता है। इसकी अधिकतम गति 75 किमी/घंटा और रेंज 75 किमी है। इसे चार्ज होने में सिर्फ 2 घंटे लगते हैं, जो इसे रोजाना की यात्रा के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बनाता है। टीवीएस आइक्यूब 1 लाख 4 हजार 729 के एक्स शोरूम प्राइस पर उपलब्ध है। प्रो राहुल रमन ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में नई स्कूटी दो कलर में उपलब्ध है। मौके पर एमडी ऑनर उदित साहू, राहुल रमन, शिवम कुमार, एडीबीडी एम, प्रेमचंद कुमार, उज्ज्वल कुमार, ऋषभ कुमार, मधु सिंह, हर्ष कुमार, बिट्टू कुमार, मिथलेश कुमार, इरशाद अंसारी शामिल थे।

### रिम्स में ईलाज के दौरान युवक की मौत



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के जोड़ा कला के युवक रौशन कुमार (18) की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी। मालूम हो कि सोमवार को रील बनाने के दौरान तीन युवक रौशन, महेंद्र तथा प्रियांशु कुमार बाईक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल डाल्टनगंज भेज दिया गया था। जहां से गंभीर रौशन कुमार को रिम्स भेज दिया गया था। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। रौशन कुमार का शव घर पहुंचते ही गांव में मातम छा गया।

### सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार की मांग

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय के वार्ड 16 में स्थित सामुदायिक भवन जीर्ण-शीर्ण हो चुका है जिसकी मरम्मत की अतिआवश्यकता है। वार्ड 16 की निवर्तमान पार्षद पूनम देवी ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। कहा है कि इसका निर्माण 2015 में हुआ था। निर्माण के 10 वर्ष बाद यह भवन जीर्ण-शीर्ण हो गया है। इस भवन में पानी, बिजली, स्नानघर, शौचालय सहित सभी सुविधाएं अब नगण्य हो चुकी हैं। सभी की मरम्मत कराते हुये पूरे भवन का रंग-रोगन किया जाये ताकि पूर्व की तरह जनोपयोगी हो सके।

### ऑटो चालकों की समस्या समाधान की मांग




**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश डीजल सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह व पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे के के नेतृत्व में महासंघ का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त से ऑटो चालकों की समस्याओं से अवगत कराया। मांग पत्र में कहा गया है कि नगर निगम टैक्स के नाम पर ऑटो चालकों से एक दिन में तीन चार जगह अवैध वसूली की जाती हैं। इसका विरोध करने पर ऑटो चालकों के साथ ठेकेदारों द्वारा अभद्र गाली गलौज, मारपीट एवं धमकी चालकों को दी जाती है। प्रतिनिधिमंडल में विवेक सिंह, विशाल कुमार राय, मदन सिंह, संतोष शुक्ला, निरंजन राम, नगीना सिंह, संतोष पांडेय, रवि पासवान, सुधीर पासवान, रंजीत कुमार, वाहिद अंसारी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शांति की महारानी कैथेड्रल में क्रिस्मा मिस्सा



**मेदिनीनगर।** कैथोलिक पुरोहित के क्रिस्मा मिस्सा का आयोजन शांति की महारानी कैथेड्रल में भव्य तरीके से किया गया। इस पवित्र समारोह में पुरोहितो, समर्पित धर्मसमाजी तथा विश्वासियों ने अपने मंत्रालय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया, तथा मसीह के उसी सेवा भाव के साथ खुद को जोड़ा। इस दिन, प्रत्येक पुरोहित ने बिशप के साथ मिलकर ईश्वर और उनके लोगों की सेवा करने के लिए नई आशा और शक्ति के साथ अपने पुरोहिती प्रतिबद्धता का नवीनीकरण किया। समारोह की शुरूआत एक स्मरण वार्ता के साथ हुई, जिसने आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अनुभव के लिए माहौल तैयार किया।

# वित्त मंत्री, सांसद, आनंद शंकर व अन्य ने फीता काटकर किया मोहन सिनेमा हॉल का उद्घाटन

- हेरिटेज स्कायर मॉल के दोनों थियेटर में फिल्म का पहला शो प्रसारित हुआ
- सिने स्टार रजनीकांत ने सिनेमा के माध्यम से ऐसी पहचान बनाई कि जनता उनकी पूजा करती है : राधाकृष्ण किशोर
- सिनेमा जगत समाज के पहलुओं का चित्रण करता है : सांसद बीडी राम
- पिता के विरासत को उंचाईयों तक ले जा रहा हूं : ज्ञान शंकर
- जिला में मनोरंजन का साधन विलुप्त हो चुका था जिसे पुनः बहाल किया गया : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मोहन सिनेमा हॉल का उद्घाटन करते सांसद, विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में मनोरंजन के साधन विलुप्त हो चुके थे। साथ ही पलामू जिला मुख्यालय में वर्ष 1940 में स्थापित मोहन सिनेमा हॉल भी विलुप्त हो चुका था। जिस कारण एक भी मनोरंजन के संसाधन नहीं थे। जिसे पुर्नजीवित करते हुए ज्ञान शंकर व आनंद शंकर ने मिलकर बदलते समय के अनुसार पलामू में लोगों के मनोरंजन के लिए देश के बड़े महानगरों के तर्ज पर दो सिनेमा हॉल थियेटर को स्थापित किया है। जो मोहन सिनेमा हॉल के नाम से विख्यात हॉल को पुनः उसी स्थान पर हेरिजेट स्कायर मॉल के रूप में दो थियेटर का उदघाटन झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू सांसद बीडी राम, मॉल के प्रोपराईटर ज्ञान शंकर, चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, भाजपा नेता मनोज सिंह व अन्य ने फीता काटकर उदघाटन किया। इसके पूर्व पुजारी ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नारियल फोड़कर अतिथियों को मॉल के अंदर प्रवेश कराया गया।

### सभी अनुमंडल मुख्यालयों में मना जन शिकायत समाधान

# पुलिस और जनता के बीच दूरी को कम किया जा रहा : आईजी सुनील भास्कर

- जन शिकायत में जमीन से संबंधित समस्याएं ज्यादा आ रही है : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते आइजी, एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** डीजीपी के निर्देश पर झारखंड के सभी जिलों में पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पलामू जिला में एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देशन में छतरपुर, हुसैनाबाद, विश्रामपुर, सदर, पांकी अनुमंडल क्षेत्र में जन शिकायत समाधान का चौथा चरण आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला पुरूष अपनी समस्या को लेकर पुलिस के समक्ष पहुंचकर अपनी फरियादों को सुनाया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी व अधिकारियों ने कुछेक लोगों की समस्या को सुनते हुए ऑन स्पॉट कराया गया। साथ ही कुछ समस्याओं को कलमबद्ध किया गया। जिला मुख्यालय में सदर अनुमंडल का कार्यक्रम शहर थाना में आयोजित किया गया। जिसका उदघाटन आईजी सुनील भास्कर, एसपी रीष्मा रमेशन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सतबरवा, सदर, चैनपुर, रामगढ़, पंडवा, पाटन थाना क्षेत्र के लोग पहुंचकर अपनी समस्याएं रखी।

# जिला परिषद सदस्य राजू मेहता को राइफल शूटिंग में मिला कांस्य

### खूंटी में आयोजित जिला स्तरीय राइफल शूटिंग में हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सम्मानित होते राजू मेहता।

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चर्चित युवा बसपा नेता व हुसैनाबाद उत्तर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता को राइफल शूटिंग में बेहतर निशाने बाजी में कांस्य पदक जीते। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जिला स्तरीय कार्यक्रम खूंटी राइफल व झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के द्वारा 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक कि गयी थी, जिसका फाइनल रिजल्ट 15 अप्रैल को आयोजि के सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर खूंटी डीएफओ दिलीप कुमार यादव, झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, सचिव उत्तम चंदन, ट्रेजर मधुर अग्रवाल आदि अतिथियों ने श्री मेहता को कांस्य पदक से सम्मानित किया।

आगे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के कुल आयाम के अंक 400 था जिसमे मुझे 299 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता के तृतीय श्रेणी में जगह बनाया। वहीं खूंटी डीएफओ ने मेडल देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में झारखण्ड के विभिन्न जिला से महिला एवं पुरुष सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

जीवन में राजनीतिक जिम्मेदारियां के साथ साथ खेल व कला, मनोरंजन जीवन में अहम भूमिका होती है। मुझे यह कार्यक्रम बहुत बढ़िया लगा लोगो के बीच एक परीक्षार्थी बनने का एक नया अनुभ प्राप्त हुआ। मौके पर टेनेक्स क्लब के कोच रंजन कुमार राहुल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद थाना में लगा जन शिकायत व समाधान केंद्र

# एसडीएम, एसडीपीओ समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने सुनी जनसमस्याएं

- 20 शिकायतकर्ताओं दिया आवेदन, 7 पर त्वरित निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कैंप में जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य सरकार के पुलिस महानिदेशक व पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार हुसैनाबाद थाना परिसर में जन शिकायत व समाधान जागरूकता अभियान के तहत अनुमंडल स्तर पर कैंप लगाया गया। जिसमें हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ सह आइपीएस एस मोहम्मद याकूब, हैदरनगर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आइपीएस दियांश शुक्ला आदि वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 20 शिकायतकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्याओं को लिखित रूप में दिया जिसमें ज्यादातर मामला जमीन से संबंधित आये, जिसपर प्रशासनिक अधिकारियों ने अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु सूचीबद्ध कर लिया, वहीं कुल 7 मामलों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। मौके पर एसडीएम ने कहा राज्य में ज्यादातर हिंसा जमीन विवाद के कारण आ रही हैं जिसके निवारण हेतु सरकार के द्वारा ऐसे कार्यक्रमों की आयोजन की जाती हैं ताकि गरीब पीड़ित जनता सीधा उच्चधिकारियों से संवाद कर सके और उसकी समस्याओं को जल्द निवार हो सके।

# विधायक मद से निर्मित गेट का नाम अंबेडकर द्वार रखने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत सतगांवा के निवासियों ने बुधवार को बैठक कर मेन रोड से बांधपर जाने वाली सड़क पर निर्मित गेट का नाम अंबेडकर द्वार रखने की मांग की है। लोगों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में तत्कालीन विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के विधायक निधि से उक्त स्थान पर गेट का निर्माण कराया गया था। योजना की स्वीकृति भी अंबेडकर द्वार के नाम से ही है। परंतु कुछ लोग इस नामकरण का विरोध कर रहे हैं, जो अनुचित है। उन्होने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ अंबेडकर देश के महापुरुषों में से एक हैं। इनके नाम पर द्वार रहने से गरीबों को संघर्ष कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। लोगों ने प्रशासन से उक्त गेट का नामकरण अंबेडकर द्वार ही करने की मांग की है। मांग करने वालों में रविंद्र पासवान, मो इसरार, युगेश राम, रमन राम, किशोर कुमार, मो शाहरुम अंसारी, मो अमीन अंसारी, मो केयामुद्दीन अंसारी, राकेश कुमार, उमेश राम, शिवपूजन राम आदि मौजूद थे।

# तरहसी थाना परिसर समेत अनुमंडल क्षेत्र में मना जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

- कई लोगों ने समस्या संबंधित दिया आवेदन अधिकारियों ने की पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** पलामू जिले के तरहसी थाना परिसर सहित सभी अनुमंडल क्षेत्रों में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों को अपने नजदीकी शिकायत केंद्रों पर पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराने का अवसर दिया गया, जहां संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत कार्रवाई की जा रही है। इस पहल को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ा गया है, ताकि देश या विदेश में रह रहे लोग भी अपनी शिकायत ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करा सकें। पलामू पुलिस ने इस कार्य के लिए एक विशेष सेल का गठन किया है, जो व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की निगरानी और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेगी। इन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच उच्च पदस्थ अधिकारी करेंगे और कार्रवाई की पूरी जानकारी शिकायतकर्ता को देंगे।

### चैता दुगोला मुकाबला हादसे के कारण स्थगित

**पाटन पलामू।** पंडवा के ग्राम सिक्का में 17 अप्रैल को आयोजित चैता दुगोला मुकाबला रखा गया था लेकिन गांव के दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गये थे। जिसमें अंकेश की मौत हो गयी थी। दूसरा शंकज मेहता गंभीर है जो रांची में इलाजरत है। इस कारण कमेटी ने फिलहाल आयोजन स्थगित कर दिया है। इसकी जानकारी रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अगले माह में आयोजित किया जायेगा।

### भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करें लोग

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बूढ़िबीर से गढ़वा तक पथ निर्माण मजबूतीकरण व पुनर्निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण किया गया है। इसके संदर्भ में आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि हल्का 06 में आने वाले ग्राम नेनुआ, साडम, खुराकला, रबदा अपने पंचायत भवन में अधिग्रहित जमीन का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन करें। इसमें संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कई पंचायतों में भूमि एलपीएस कैंप की तिथि तय

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के बुढ़ीवीर से गढ़वा तक पथ का मबूतीकरण व पुनर्निर्माण कार्य परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा भुगतान हेतु एलपीसी निर्गत किया जाना है। भूमि के एलपीसी निर्गत करने के लिए कैंप लगना है। 16 मई को प्रखंड के ननुेआ, साड़म, खुरा कला व रबदा में कैंप लगेगा। जिसमें कई लाभुकों की भूमि का एलपीसी निर्गत किया जायेगा। चैनपुर सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि भूमि के एलपीसी निर्गत करने हेतु कैंप लग रहा है जिसकी तिथि निर्धारित की गई है। 19 को चोटहासा पंचायत भवन, इटको, बुढ़ीबीर, 21 को खोहरी, कुदागा कला, काराकाट, बंदुआ, 26 को झरिवा, पनेरीबांध व शाहपुर पंचायत भवन में कैंप लगेगा। सीओ ने सभी रैयतों को निर्देश दिया है कि उक्त अधिग्रहित भूमि से संबंधित वैद्य राजस्व दस्तावेज के साथ शिविर में निर्धारित तिथि को उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। जिससे भुगतान का कार्य ससमय किया जा सके।

# पंडवा सात नंबर टोले पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन

- चिकित्सा शिविर आयोजित कराना सकारात्मक पहल : उप महाप्रबंधक यशवंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पंडवा पलामू।** पलामू जिले अंतर्गत पंडवा के 7 नंबर टोले पर बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पंडवा स्थित फेयरमाइन कार्बन कंपनी के द्वारा क्षेत्र के लोगों की मांग पर प्रारंभ किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोग शिविर में आकर डॉ एस चौधरी और डॉ कुणाल दुबे से जांच कराकर दवा लिया। जांच शिविर का आरंभ उप महाप्रबंधक यशवंत कुमार, प्रणव द्विवेदी ने किया। मौके पर उप महाप्रबंधक यशवंत कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की मांग पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर कंपनी की ओर से बेहतर तरीके से लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए जांच कराकर निःशुल्क दवा बांटा जा रहा है।

### रांची रोड रेड़मा में हुआ द डिटेलिंग माफिया का उद्घाटन

# पलामू जैसे शहर में ऑटोमोटिव के एक नये युग की शुरुआत हो गयी है : मनोज सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड रेड़मा में द डिटेलिंग माफिया शो रूम का उद्घाटन नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, संचालक शशांक दूबे, नीलेश कुमार व अन्य ने फीता व केक काटकर किया। मौके पर मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में ऑटोमोटिव देखभाल की एक नये युग की शुरुआत हुई है। इससे पलामू ही नहीं प्रमंडलवासी के वाहन चालकों को कई लाभ मिलने वाले हैं जो अपनी वाहनों में हुई परेशानियों के लिए बड़े शहरों की ओर जाते हैं उन्हें अब घर बैठे अपने शहर में ही वह सुविधा मिलनेवाली है। ऐसा व्यवसाय खुलने से शहर में बेरोजगारी दूर होती है और लोग स्वरोजगार भी अपनाते हैं। संचालक शशांक दूबे ने शो रूम की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राहक अपने संतुष्टि के अनुसार कार्य कराते हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सराहनीय पहल देखने को मिली। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता खुद मंगलवार की देर रात वाहन चेकिंग अभियान की कमान संभालते हुए मुख्य गेट के सामने सघन वाहन जांच की। खास बात यह रही कि उन्होंने खुद अपने हाथों में ब्रेथ एनालाइजर लेकर वाहन चालकों की जांच की। इस दौरान दो चालक शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़ाये। इनमें एक ट्रैक्टर एवं एक बाइक चालक है। दोनों वाहन जब्त किया गया है। बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे में धुत होकर वाहन चलानेवालों पर लगाम कसना और आम जनता में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### अन्नप्राशन, गोद भराई और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें लाभुक: आलोक चौरसिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सेविका को मोबाइल फोन देते विधायक व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड सभागार में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत अन्नप्राशन, गोद भराई व आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैनपुर भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया, बीडीओ प्रदीप दास, सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं 317 सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन बांटा गया। इसमें 4 महिलाओं की गोद भराई रस्म व 5 बच्चों का अन्नप्राशन विधायक ने कराया। विधायक ने कहा कि सरकार यदि आपके लिए संकल्पित होकर काम कर रही है तो आप भी अपना काम को मन से करें। अब समय बदल रहा है आपको भी बदलने की जरूरत है। सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण हर हाल में उठायें। महिला पर्यवेक्षिका प्रीति कुमारी ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 8 से 22 अप्रैल तक शेष केंद्रों पर मनायी जायेगी। संचालन करते हुए जीपीएस राधेश्याम राम ने प्रखंड परिवार ने सबका आभार जताया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रामलव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष भीष्म चौरसिया, अमलेश चौरसिया, मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद तिवारी, रामकरेश चौरसिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए शिक्षा निकेतन के छह छात्र चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एकलव्य आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए चयनित विद्यार्थी।

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के तुंबागड़ा कॉलेज गेट के समीप स्थित शिक्षा निकेतन आवासीय विद्यालय के 7 छात्रों ने एकलव्य अवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 6 छात्रों ने सफलता हासिल किया है। जिसमें मनेश उरांव, प्रदेशी भुइयां, रविना कुमारी, नीतू कुमारी, राजकिरण कुमार तथा ऋतुराज कुमार का नाम शामिल हैं। विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार यादव ने बताया कि इस विद्यालय की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता के लिए विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बच्चे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। जिनके मिहनत और लगन के कारण एक साथ 6 बच्चों ने सफलता पायी है। श्री यादव ने कहा कि मेरा आगे लक्ष्य है कि इस विद्यालय के ब्च्चों का नामांकन नवोदय, नेतरहाट, इंदिरा गांधी और सैनिक स्कूल में नामांकन हो। बच्चों का नामांकन उपरोक्त विद्यालयों में हो इसके लिए विद्यालय प्रबंधन बच्चों को तैयारी करा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि यहा के लोग आर्थिक रूप से कमजोर है। इसलिए यह विद्यालय निचले व्यक्ति जो मजदूरी करता उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए न्यूनतम शुल्क पर बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। विद्यालय में निःशुल्क नामांकन प्रारंभ है जो लोग नामांकन कराना चाहते हैं करा सकते हैं। मालूम हो कि एकलव्य विद्यालय में अनसूचित जनजाति समेत अन्य श्रेणियों के बच्चों का नामांकन टेस्ट परीक्षा पास करने के बाद होता है।

स्पीड न्यूज

## नापीता झरिया में 'बाउल संगीत' का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो विधानसभा के काशी झरिया पंचायत के टोला नापीता झरिया में वैशाख के पहले दिन के उपलक्ष्य में बाउल संगीत का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो एवं चास प्रमुख बेला देवी के द्वारा किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो एवं चास प्रमुख बेला देवी ने अपने सम्बोधन में इस भव्य आयोजन के लिए कमेटी के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रकट की।

## जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा।** नगर भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत डीआईजी धनंजय कुमार, डीसी शिशान कमर, एसपी अनिमेश नैथानी, एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, डीएसपी जेपीएन चौधरी, गोड्डा सीओ ऋषि राज एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ। इस दौरान मौके पर गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों के साथ जिला व्यवहार न्यायालय से डालसा के अधिकारीगण मौजूद थे। वहीं इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सार्जेंट मेजर, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा के साथ प्रशासनिक विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## चारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ



**गोड्डा।** मेहरमा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सुखाड़ी के शोभापुर स्थित शिव मंदिर चारदीवारी का निर्माण कार्य गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के सहयोग से बुधवार को प्रारंभ हो गया। वहीं इस निर्माण कार्य के लिए स्थानीय लोगों एवं शिव मंदिर समितियों ने गोड्डा सांसद दुबे का आभार जताया एवं कहा कि कई सालों से चारदीवारी की समस्या थी। चारदीवारी नहीं होने से कई परेशानियां होती थी इसी कारण पिछले साल लोकसभा चुनाव में सांसद ने शिव मंदिर चारदीवारी के लिए शोभापुर गांव के लोगों एवं मंदिर समितियों ने मांग किया था। उन्होंने इस मांग को पूरा करने के लिए आश्वासन भी दिया था,जो कि इस मांग को उनके द्वारा पूरा किया गया।

## 30 अप्रैल तक छूटे हुए लाभुक कराएं ई-केवाईसी

**बोकारो।** खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों (लाभुकों) का ई-केवाईसी की तिथि 30 अप्रैल 2025 तक अवधि विस्तार किया गया है। वैसे लाभुक यथा (दिव्यांग बुजुर्ग बच्चे) जिनका ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। वे अपने नजदीकी चिन्हित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास उपलब्ध ईरीश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इस बाबत पत्र जारी कर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं डीपीएम जेएसएलपीएस को इस संबंध में अपने कर्मी/पंचायत प्रतिनिधि/ जन वितरण प्रणाली विक्रेता को अवगत कराना सुनिश्चित करने को कहा है ताकि जिले के छूटे हुए राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी ससमय किया जा सके।

## दो दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन



**दुमका।** एसपी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को हुआ। जिसका उद्देश्य छात्रों को रचनात्मक लेखन के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला विभागाध्यक्ष डॉ एसके अम्बष्ट के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। कार्यशाला में आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, अपितु व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान का भी अत्यधिक महत्व के लिए आयोजित हुई। कार्यशाला में स्नातक के छात्रों के साथ कॉलेज के प्राध्यापकों और अतिथि वक्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला को दो भागों में आयोजित हुई। प्रथम दिवस में सैद्धांतिक अवधारणाओं एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान से छात्रों को लाभान्वित हुए। कार्यशाला की शुरुआत अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक स्वागत गान से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ केपी यादव ने वाणिज्य शिक्षा के बदलते स्वरूप और कार्यशालाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज के छात्र धरना पर बैठे

# ओपीडी सेवाएं की ठप

### छात्रावास में मूलभुत सुविधाओं के त्रस्त छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

**दुमका निज संवाददाता।** फुलो झानो मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बुधवार को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी सेवा को ठप कर धरना प्रदर्शन किया। इस कारण अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज के छात्रावास में पानी और बिजली को सुचारु रूप से व्यवस्थित करने की मांग की। इधर, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप रहने से इलाज के लिए आए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल में इमरजेंसी सेवा चालू रही। छात्रों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि छात्रावास में पानी और बिजली की व्यवस्था का घोर अभाव है। पिछले कुछ दिनों से तो स्थिति और चरमरा गई है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में बिजली की वायरिंग जर्जर है। बिजली के तार जगह-जगह से कटे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में व्याप्त कमियों की शिकायत कॉलेज प्रबंधन के साथ डीसी को भी कर चुके हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। कोई छात्रों की सुनने को तैयार नहीं है। अब आंदोलन छोड़ कोई रास्ता नहीं रह गया है।

**स्वास्थ्य मंत्री से हुई है छात्रों की बात :** धरने पर बैठे छात्रों ने बताया कि उनकी बात फोन पर सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से हुई है। उन्होंने एक टीम भेज कर व्यवस्था का निरीक्षण करने का स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है। छात्रों ने बताया कि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरुण कुमार चौधरी से बात की थी, तो उन्होंने कहा था कि समस्या तो है। लेकिन इसके सुधार के लिए काम किया जा रहा है। छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कॉलेज कैंपस का निरीक्षण करने की मांग की है। छात्रों ने कहा कि सीएम आकर देख सकते हैं कि हम किस हालात में छात्रावास में रहने को विवश हैं। उन्होंने सीएम से सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग किया है।



धरना प्रदर्शन करते मेडिकल छात्र

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**दुमका।** आमजन के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने, पुलिस एवं नागरिकों के बीच दूरी को समाप्त करने तथा पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए दुमका पुलिस प्रशासन की ओर से जिले के चार जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के इंडोर स्टेडियम,आदिवासी कला संस्कृति भवन, रांगा मसलिया, जरमुंडी डाक बंगला एवं मध्य विद्यालय राजबांध शिकारीपाड़ा में आयोजित जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में 139 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं दुमका शहर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 67 मामले आए। इनमें से कई मामलों का निराकरण भी कर दिया गया है। जनशिकायत समाधान में अधिकांश मामले जमीन विवाद से जुड़े आए है। इन सभी जमीन विवाद मामले की शिकायतों को जांच के लिए संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है।

खबर एक नजर में

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रदेश कार्यसमिति की महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति के संचालन में संपन्न बैठक में पांच प्रमंडल में प्रदेश के पदाधिकारी को प्रवास जिला अध्यक्ष के तय तिथि के अनुसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल व पूर्व झारखंड माटी कला बोर्ड के पदाधिकारियों सहित प्रदेश के 24 जिला में से 14 जिला के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति व अन्य वक्ताओं ने संगठन के मजबूती को लेकर ध्यान आकर्षण कराया। प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति एवं पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि हम सभी जिला प्रखंड एवं ग्राम कमेटी तक लगातार डेढ़ महीना तक प्रवास संगठन बनाने में करें जिसका फल हम लोगों को अवश्य मिलेगा और हमारा संगठन भी मजबूत होगा- इसे लेकर मुझे जितना समय चाहिए मैं देने को तैयार हूं। माटी कला बोर्ड को लेकर प्रखंड एवं जिला में एक साथ एक ही दिन धरना देने का निर्णय लिया गया। पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद्र प्रजापति ने कहा कि संगठन कभी समाप्त नहीं होता है- लोग आते हैं और जाते हैं- संगठन में शिथिलताएं होती है पर मजबूती के साथ लगने पर संगठन एक नया इतिहास लिखता है, उसी का नाम झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ है। बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पंडित, गंगाधर प्रजापति, संजय पंडित, अजय प्रजापति, विक्रम महतो योगेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन चास प्रखंड अध्यक्ष दीनबंधु महतो ने किया।

## विशु कनी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में- विशु कनी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल प्रांगण में नये अनाज नया कपड़ा ककड़ी कच्चा आम उरली एक कांसे के बर्तन में चावल तरह-तरह के नये अनाज पान का पत्ता सुपारी कटहल नई सब्जियां दर्पण अमलतास व विभिन्न प्रकार के नए फल फूल नये वर्ष के प्रतीक के रूप में रखे गये और उनके बीच श्री कृष्ण की सुंदर प्रतिमा सजा कर रखी गयी। दर्पण जो आत्म दर्शन का प्रतीक है जिसके माध्यम से हम आत्म दोषों को दूर करने का प्रयास करते हैं-प्रतिमा के समक्ष स्वर्ण और धन रखकर देश की समृद्धि की कामना की गई। विद्यालय में सुंदर और पारंपरिक रंगोली भी बनायी गयी।

## विश्व में सबसे प्राचीन है सनातन धर्म : आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड अंतर्गत चपरी गांव में आयोजित चार दिवसीय सामवेद पारायण ज्ञान यज्ञ के दौरान विचार अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता पूज्य आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने कहा कि जितने भी संप्रदाय, मत-मतांतर वर्तमान में प्रचलित हैं वास्तव में वे सभी करीब चार हजार वर्ष के अंदर ही हुए हैं। इसके पूर्व सृष्टि के प्रारंभ से ईश्वर द्वारा प्रतिपादित सत्य सनातन वैदिक धर्म ही रहा है।

उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब भारत परतंत्रता की बेड़ियों में बंधा तो अनेक विधर्मियों ने हमारे धर्मग्रंथों में मिलावट वेदपाष्य को प्रदूषित किया। भोले-भाले हिंदू विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास और रुढ़ियों में फंसते चले गये। धर्म के नाम पर हमें अधर्म पढ़ाया गया, तब गुजरात के टंकारा में बहुप्रतिभा संपन्न बच्चे का जन्म हुआ। बाद में युवावस्था में गृह बंधनों से विरत रहकर पूरे देश का भ्रमण किया, तत्कालीन परिस्थिति देखकर आर्य समाज की स्थापना की, आर्यों को नारा दिया कि वेदों की ओर लौटो। देश को गुलामी से मुक्ति के लिए नरम व गरम दल दोनों में आर्य समाज के अनुयायियों ने अभूतपूर्व योगदान दिया। इस कारण न केवल देश आजाद हुआ, वेदों का पुनरुद्धार हो सका। इतिहासकारों के हवाले से उन्होंने कहा कि जेलों में बंद 80 फीसदी से ज्यादा कैदी आर्य समाजी थे।

आर्य समाज के कारण तत्कालीन भटकती हिंदू जाति को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कारण शताधिक गुरुकुल खुले, हजारों लाखों बच्चे वेदों के विद्वान बने, माता बहनों को यज्ञ करने का अधिकार मिला।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुनमुंडा का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** देश की जनता के हित को देखते हुए ही वक्फ अधिनियम संशोधन किया गया है ताकि देश के दबे कुचले पिछड़े लोगों को इसका लाभ मिल सके। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बेरमो के रास्ते देवघर जाने के क्रम में फुसरो स्थित निर्मल चौक के समीप पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की घटना की सरकार जवाब देही लेते हुए समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, जगन्नाथ राम, अर्चना सिंह, राधा देवी, मनोज कुमार, रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी आदि लोग मौजूद थे। देवघर जाने के क्रम में बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जैनामोड़ में भव्य स्वागत किया गया, मौके पर चन्द्रपुरा के पुर्व प्रमुख सह भाजपा नेत्री के अलावे पूर्व विधायक बिरंची नारायण, रोहितलाल, लक्ष्मण नायक, अर्जुन सिंह, शंकर रजक एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे वहां से यह काफिला विस्थापित अमर शहीद प्रेम महतो के पैतृक गांव परसबनी उनके घर गए और मृतक को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किये एवं इस दुःख के घडी में उनके परिजनों को सांत्वना दी, इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक बिरंची नारायण एवं भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई पर किया पुतला दहन कार्यक्रम

**गोड्डा।** स्थानीय हटिया चौक के पास कांग्रेस की ओर से पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया। इस दौरान कांग्रेसियों की ओर से नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का पुतला फूंका गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि मोदी सरकार के द्वारा निरंकुश एवं अन्यायपूर्ण नीति के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संपत्ति जब्त एवं नेशनल हेराल्ड के मामले में आरोप पत्र दायर करना यह निरंकुश शासन के द्वारा प्रायोजित अपराध है। मौके पर कुंदन ठाकुर, शिशिर झा, याहिया अंसारी, राजेश मंडल, ठाकुर मंडल, कपिल मंडल, निरंजन सिकदार, बासुदेव भगत एवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीजीटी-पीजीटी संवर्ग के पदों को मरणशील घोषित करने के फैसले से असहमति प्रकट

# शिक्षकों ने खोला मोर्चा की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ के तत्वावधान में बोकारो जिले के सरकारी विद्यालयों के पीजीटी शिक्षकों इंटर कॉलेज के प्राध्यापकों एवं अन्य शिक्षकों ने बोकारो जिले के दोनों इंटरमीडिएट मूल्यांकन केंद्रों पर अनुशासन का पालन करते हुए सरकार द्वारा हाल में टीजीटी-पीजीटी संवर्ग के पदों को मरणशील घोषित करने के फैसले से असहमति प्रकट की। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र एवं समाजहित में सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। सरकार ने हाल ही में कैबिनेट में निर्णय लेते हुए पीजीटी - टीजीटी संवर्ग को मरणशील घोषित करते हुए उसके स्थान पर निम्न वेतनमान में माध्यमिक आचार्य का संवर्ग सृजित किया है। इस प्रकार +2 विद्यालयों में पढ़ाने के लिए नियुक्त होने वाले पीजीटी शिक्षकों के स्थान पर सिर्फ माध्यमिक आचार्य पद का सृजन कर उनसे ही पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षक की भूमिका निर्वहन करने की उम्मीद करना हास्यास्पद निर्णय लगता है। सरकार को कम से कम माध्यमिक आचार्य की भांति उच्चतर माध्यमिक आचार्य का पद सृजित करना चाहिए ताकि झारखंड के बच्चों के हित में शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। सरकार को इन्हीं बातों से अवगत कराते हुए राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर मूल्यांकन किया एवं सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

## भगता परब 'भगता घुरा' का तीसरे दिन आज अंतिम नेग

**गोड्डा।** पथरगामा भगता परब/ चड़क परब/ गांजन परब/ बिशु परब अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने कहा कि मेरे गुरुजी लेखक महादेव डुंगरियार के अनुसार भगता परब के तीसरे दिन, यानी संक्रांति के दिन, 'भगता घुरा' होता है। और अगले दिन तेल-हरदि तथा पुरखों को कुंढ़ा देने की परंपरा के साथ भगता परब का समापन होता है, जिसे कुड़माली में 'कुंढ़ा-नाड़ा' कहा जाता है। इस दिन माँ या पत्नी उपवास रखती हैं और नहा-धोकर सात प्रकार के अनाज चावल, गेहूँ, चना, सेम, मकई, अरहर, मूंग को भूनकर ढेंकी में कूटती हैं। इससे बनने वाले कुंढ़ा में महुआ और आम भी मिलाया जाता है।

## कोटपा-2003 के तहत सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बुधवार को डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन में तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के अम्बेडकर चौक, रिलायन्स माल के पास, सिटी सेन्टर एवं सेक्टर 4 एफ के कुल 87 दुकानों की जांच की गई जिसमें 16 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंन करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2900 रुपए की वसूली की गई। छापामारी के दौरान विशेष रूप से कोचिंग सेन्टर के आस पास एवं स्कूल के 100 गज के दायरे में आने वाले सभी दुकानों की जांच की गई साथ ही सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि स्कूल के 100 यार्ड के अन्दर आने वाले दुकानदार अपने दुकानों में तम्बाकू का उत्पाद न रखें। दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाला पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिला परामर्शी मो0 असलम ने बताया कि सिगरेट कम्पनी द्वारा दिये गये पोस्टर सहित दिवाल घडी, सिगरेट कम्पनी द्वारा बनाये गये गुमटी एवं दुकान के बाहर कम्पनी के ब्रांड का बोर्ड लगाना भी कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। ऐसे मे प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष का कारावास या 1000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकता है। ऐसे में दुकानदारों को सुझाव दिया जाता है कि कम्पनी के बहकावे में न आये और इस तरह के अपराध से बचें। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना से एस0 आई हिमांशु के साथ उनकी टीम उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिला आजसू छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल, रखी कई मांगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/तालगड़िया।** आजसू छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों की समस्याओं व छात्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पर महामहिम राज्यपाल महोदय ने आश्वस्त किया कि यदि एक माह के भीतर विश्वविद्यालय प्रशासनिक इकाइयों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो पुनः इस विषय में विस्तृत चर्चा हेतु मिलने को कहा। प्रमुख मांगों में पांच वर्ष से लंबित झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ का शीघ्र चुनाव झारखंड खुला विश्वविद्यालय हेतु स्थायी परिसर की व्यवस्था झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय को स्थायी परिसर विनोबा भावे व विनोद बिहारी महतो तथा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति सभी विश्वविद्यालयों में कन्या छात्रावास का निर्माण अस्थायी शिक्षकों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं शिक्षकों की नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया तथा जेपीएससी की 11वीं 12वीं एवं 13वीं परीक्षाओं के मुख्य परीक्षा परिणामों को शीघ्र प्रकाशित किए जाने की मांगें शामिल हैं।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में बीएसएल प्रबंधन व विस्थापित अप्रेंटिस अभ्यर्थियों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेशानुसार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विस्थापित अप्रेंटिस अभ्यर्थियों एवं बीएसएल प्रबंधन आदि के साथ मासिक बैठक की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह बीएसएल प्रबंधन की ओर से ईडी-एचआर सुश्री राजश्री बनर्जी जीएम एचआरडी मनीष जलोटा जीएम सिक्योरिटी आलोक चावला जीएम-एचआर (ओडी-सीसीएलसी) प्रांजली डीजीएम एचआर-सीसीएलसी सुजय दत्ता एजीएम ईडी-सिक्योरिटी अंजनी कुमार एजीएम एचआर-आइआर एसएए हुसैन व प्रबंधक एचआर-आइआर उज्जवल कुमार व विस्थापित अप्रेंटिस के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में अप्रेंटिस अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने कौशल आधारित नियोजन- मेडिकल-आवास एवं 60 वर्ष तक नियोजन की बात रखीं। जिस पर विस्तार से सभी के द्वारा चर्चा किया गया। अपर समाहर्ता ने बैठक में बीएसएल प्रबंधन को प्रतिमाह 50 अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को अनुबंध पर नियोजन सुनिश्चित करने को कहा जिसमें प्रथम बैच से 20 द्वितीय बैच से 15 एवं तृतीय बैच से 15 अभ्यर्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को वरीयता के क्रम से ट्रेडवार प्राथमिकता दी जाएगी। जिस पर बीएसएल प्रबंधन ने सहमति जताई है। उन्हें 30 अप्रैल तक प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं अभ्यर्थियों द्वारा मेडिकल सेवा एवं आवास के लाभ को लेकर बीएसएल प्रबंधन ने वरीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त करने की बात कही। इस पर अपर समाहर्ता ने उक्त बिंदुओं पर बीएसएल प्रबंधन को वरीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त करने के निमित्त पत्राचार करने को कहा। अगली बैठक में इस पर पुनः चर्चा होगी। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर बीएसएल प्रबंधन को जरूरी दिशा- निर्देश दिया गया।



## बाइक से गिरकर तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**बेरमो।** डुमरी के नारायणपुर के समीप बाइक से गिरकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि तीनों बाइक सवार डुमरियाटांड़ से एक तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी उनकी बाइक की टक्कर एक मारुति कार से हो गई।

स्पीड न्यूज

## मुजफ्फरपुर में आग से झुलसकर पांच की मौत

**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर मनी गांव में बुधवार एक दलित बस्ती में आग से 4 बच्चे समेत 5 लोगों की झुलस कर मौत हो गई। डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि गांव के गोलक पासवान के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक तेज हवा की वजह से आग काफी तेजी से फैल गई। आग की लपटें ज्यादा तेज थी, जिसकी वजह से बच्चे निकल नहीं पाए। मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा ।

## डियोर शो में सोनम कपूर ने बिखेरा जलवा



**क्योटो।** बॉलीवुड अभिनेत्री और ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने डियोर ऑटम शो 2025 में अपनी मौजूदगी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जापान की सांस्कृतिक राजधानी क्योटो में आयोजित इस शो में सोनम ने डियोर प्री-फॉल 2025 के शानदार परिधान में शिरकत की और अपने अंदाज में गरिमा व स्टाइल का संगम प्रस्तुत किया। वह इस शो में भाग लेने वाली एकमात्र बॉलीवुड स्टार रहीं। डियोर की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में, सोनम कपूर ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट एलिगेंस और सादगी का परिचय दिया। यह शो क्योटो के प्रसिद्ध टो-जी मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें सोनम कई प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ शामिल हुईं।

## मणिपुर में हथियार के साथ 11 उग्रवादी धराये

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित संगठनों के 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार, मोबाइल फोन, वाहन व अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि सभी उग्रवादी ईंट भट्ठा, सॉ मिल, बैंक, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज, ऑयल पंप, दुकानदार, ठेकेदार और स्टोन क्रेशर के अलावा आम लोगों से भी वसूली करने में शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ में दो खूंखार नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के मरकाम पाल में देर रात हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने दो खूंखार नक्सलियों को मार गिराया। घटना स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान हलदर और रामे के रूप में हुई है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसकी पुष्टि एसपी अक्षय कुमार ने की है। मारे गए नक्सली डिवीजन कमेटी प्रभारी हलदर पर 8 लाख और ऐरिया कमेटी मेबर रामे पर 5 लाख का इनाम घोषित था।

## जेपी गंगा पथ पर कोई दरार नहीं : नितिन

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को जेपी गंगा पथ के दीदारगंज प्वाइंट का स्थल निरीक्षण कर यह स्पष्ट किया कि पुल में किसी तरह की दरार नहीं है और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की चिंता की आवश्यकता नहीं है। नवीन ने बुधवार को कहा जिस गैप की मीडिया में चर्चा हो रही थी, वह एक तकनीकी जोड़ है। उन्होंने बताया कि दरार एक सामान्य एक्सपेंशन जोड़ है, जो पुल के अबटमेंट और एप्रोच स्लैब के बीच निर्माण की तकनीकी आवश्यकता के तहत दिया जाता है।

# अब चलती ट्रेन में एटीएम से निकाल सकेंगे पैसा

### देश में पहली बार मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में ट्रायल सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश के पहले ऑनबोर्ड स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसकी शुरूआत से यात्रियों को सफर के दौरान चलती ट्रेन में नकदी निकासी का विकल्प मिल जाएगा। इसके साथ ही यह ट्रेन एटीएम सुविधा से युक्त देश की पहली ट्रेन बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस इनोवेशन का एक वीडियो शेयर किया है।

रेल अधिकारियों के अनुसार, भारतीय रेलवे ने यात्रियों को चलती ट्रेन में एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ समझौता किया है। यह एटीएम दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन के वातानुकूलित चेयर कार कोच में लगाया गया है। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला के अनुसार, यह मशीन ट्रायल रन का हिस्सा है और जल्द ही यात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। इसे कोच के पिछले हिस्से में विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्यूबिकल में फिट किया गया है, जो पहले एक अस्थायी पेंट्री थी। सुरक्षा के लिए शटर डोर भी लगाया गया है।



# ओड़िशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का निर्माण पूरा

▶▶ खोरधा-बलांगीर रेलवे लाइन पर 4,185 मीटर बना सुरंग



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खोरधा-बलांगीर नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत ओडिशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-4 का निर्माण कार्य हुआ पूरा। इस सुरंग की लंबाई 4,185 मीटर है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुरंग की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी। खोरधा-बलांगीर नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत ओडिशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग (4,185 मीटर लंबी) टी-4 का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। ओडिशा राज्य में भी सबसे लंबी सुरंग का निर्माण पूरा होने का प्रतीक है। अब तक कुल 301 किलोमीटर के हिस्से में से 226 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है - जो खोरदा रोड को दासपल्ला और बलांगीर को पुरनाटक से जोड़ता है। शेष 75 किलोमीटर के हिस्से में काम चल रहा है, जिसमें सात निमार्णाधीन सुरंगें शामिल हैं। सुरंग टी-4 के निर्माण में सफलता से निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे ओडिशा अपने तटीय क्षेत्र और पश्चिमी आंतरिक क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क के करीब पहुंच जाएगा।

# दूसरे दिन भी इडी ने रॉबर्ट वाड्रा से कई घंटे की पूछताछ

### डीएलएफ लैंड डील मामले में आज फिर बुलाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ लैंड डील घोटाले मामले में रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन बुधवार को कई घंटे पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा ने पूछताछ के बाद कहा कि उन्हें सच पर भरोसा है और वे किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। राबर्ट वाड्रा के साथ उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार सुबह 11 बजे नई दिल्ली में स्थित एजेंसी के हेड क्वार्टर में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे मैराथन पूछताछ की थी। इसके बाद बुधवार को फिर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा से कल भी पूछताछ होगी। ईडी दफ्तर से दफ्तर से बाहर निकलते समय रॉबर्ट वाड्रा कहा कि हां, उन्होंने मुझे कल भी पूछताछ के लिए बुलाया है। वे मुझे बुलाते रहेंगे...। वाड्रा ने रास्ते में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह मामला करीब 20 साल पुराना है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि मैं जांच एजेंसियों के कार्यालयों में 15 बार गया हूं। मुझसे एक बार में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, मैंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। फिर वे मुझसे एक हफ्ते में ये दस्तावेज फिर से जमा करने के लिए कहते हैं, यह कैसे चल सकता है? केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी हरियाणा में 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की इस डीएलएफ जमीन घोटाले में मदद की थी।



## महादेव सट्टेबाजी एप मामले में कई राज्यों में इडी ने की छापेमारी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को ईजमाईट्रिप के संस्थापक निशांत पिट्टी के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर फिर से छापेमारी की है। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर स्थित ठिकानों पर की। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में निशांत पिट्टी के ठिकानों सहित कई राज्यों में नए सिरे से छापेमारी की। ईडी इसके पहले भी इस मामले में छापेमारी कर चुकी है।

ईडी ने पहले भी यह दावा किया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के संबंध में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। इस ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल इसी राज्य से हैं।

# अमेरिका की अदालत ने भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक भारतीय स्नातक छात्र को निर्वासित करने से रोक दिया है, जिसका स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। मैडिसन अदालत के डिस्ट्रिक्ट जज विलियम कॉनले ने कहा कि यूडब्ल्यू-मैडिसन के अंतर्राष्ट्रीय छात्र 21 वर्षीय कृष्ण लाल इस्सरदासानी का वीजा रद्द नहीं किया जा सकता और ट्रंप प्रशासन उसके खिलाफ निर्वासन सहित कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकता। ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्वासन पर अस्थायी रोक लगाने का अनुरोध मैडिसन के वकील शबनम लोतफी द्वारा किया गया था, जब सरकार के छात्र एवं विनिमय आगंतुक कार्यक्रम (एसईवीआईएस) डेटाबेस में इस्सरदासानी का रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया था। जज कॉनले ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने

**ट्रंप प्रशासन ने स्नातक होने से कुछ हफ्ते पहले कृष्ण लाल का स्टूडेंट वीजा किया था रद्द**

इस्सरदासानी का वीजा गलत तरीके से समाप्त किया है, जबकि वह कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी करने वाले हैं और वीजा रद्द करने के खिलाफ अपील करने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार की प्रक्रिया से वंचित किया गया। जज ने कहा कि इस्सरदासानी के शैक्षणिक व्यय की राशि और डिग्री प्राप्त किए बिना अमेरिका छोड़ने से होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए अदालत ने निष्कर्ष निकाला है कि इस्सरदासानी ने विश्वसनीय रूप से प्रदर्शित किया है कि उन्हें अपूरणीय क्षति का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए निषेधाज्ञा राहत के बिना उनके पास कानून में कोई पर्याप्त उपाय नहीं है। इस्सरदासानी, यूडब्ल्यू-मैडिसन के कम से कम 26 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक हैं, तथा विस्कॉन्सिन विवि के सभी परिसरों में 40 छात्रों में से एक हैं, जिनके वीजा अचानक रद्द कर दिए गए हैं।

# अगले हफ्ते भारत आयेंगे अमेरिका के उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। इसकी घोषणा अमेरिका के उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से की गई थी। जानकारी के मुताबिक जेडी वेंस 18 से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। जेडी वेंस के भारत दौरे को लेकर उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि भारत में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अगले सप्ताह की शुरूआत में भारत का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस अपने तीन छोटे बच्चों - इवान, विवेक और मीराबेल को भी भारत ला सकेंगे। वेंस परिवार नई दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा की भी यात्रा करेगा। उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे।

**टैरिफ को ले 21 अप्रैल को मोदी से वार्ता करेंगे वेंस**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। इसमें टैरिफ के मुद्दे और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच चल रही बातचीत समेत भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।



उपराष्ट्रपति और द्वितीय परिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत आ रहे हैं।

## देशभर में इडी कार्यालयों का कांग्रेस ने किया घेराव

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में इडी के आरोप पत्र दाखिल करने के बाद देशभर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सभी प्रदेशों में ईडी कार्यालयों का किया घेराव ।

छतीसगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व-उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा हमेशा से ही लोकतंत्र पर प्रहार करती आई है। सिक्किम में कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल छेत्री के साथ ही कोषाध्यक्ष कर्म के भूटिया सहित कई नेताओ ने ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

ओडिशा में प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि ईडी बार-बार कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गांधी और राहुल गांधी को परेशान कर रही है। पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष राजा बरार, विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाना और लोकतंत्र पर हमला करना भाजपा का एकमात्र काम रह गया है।

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी

### सेंसेक्स 309 अंक उछलकर 77,000 पार

### निफ्टी 109 अंक चढ़ा 23,437 पर बंद हुआ



एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746.22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया।

बीएसई में कुल 4078 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2636 में तेजी जबकि 1309 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 834 में बिकवाली रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.27, सीडी 0.38, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.07, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.33, दूरसंचार 1.08, यूटिलिटीज 0.05, बैंकिंग 1.45, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.74, धातु 0.28, तेल एवं गैस 1.78, पावर 0.14, रियल्टी 0.71, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए।

वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 1.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 262 अंक की तेजी के साथ 76,996.78 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,543.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 77,110.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,734.89 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,044.29 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 16 अंक बढ़कर 23,344.10 अंक पर खुला और स्तर के दौरान 23,273.05 अंक के निचले जबकि 23,452.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,328.55 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत मजबूत होकर 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

**ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स**

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 7.12, एक्सिस बैंक 4.26, अदानी पोर्ट्स 1.81, एशियन पेंट 1.75, भारती एयरटेल 1.35, एसबीआई 1.11, आईटीसी 0.92, टीसीएस 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.70, नेस्ले इंडिया 0.70, आईसीआईसीआई बैंक 0.56, टेक महिंद्रा 0.56, पावरग्रिड 0.56, एचसीएल टेक 0.39, टाटा स्टील 0.37, बजाज फिनसर्व 0.36, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26 और अल्ट्रासिम्को 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, मारुति 1.51, इंफोसिस 1.00, टाटा मोटर्स 0.92, एलटी 0.90, एनटीपीसी 0.88, बजाज फाइनेंस 0.81, सन फार्मा 0.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, टाइटन 0.19, इटर्नल 0.11, रिलायंस 0.10 और कोटक बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# अमेरिका चौथे साल भी भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टैरिफ तनातनी के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा है। इस वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

इसके विपरीत चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार और वाणिज्य मजबूत स्थिति में बना हुआ है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भारत के व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं, जबकि चीन के साथ उसका घाटा बढ़ता जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का अमेरिका को निर्यात 11.6 फीसदी बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। आंकड़ों में बताया गया कि इस दौरान आयात में 7.44 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 45.33 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। व्यापार अधिशेष अमेरिका के साथ पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर रहा था। भारत का मुख्य निर्यात अमेरिका को औषधि निर्माण, दूरसंचार उपकरण, कीमती पत्थर, पेट्रोलियम उत्पाद, और आभूषण शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 फीसदी घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 में आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 फीसदी बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक चीन वित्त वर्ष 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन वित्त वर्ष 2013-14 से वित्त वर्ष 2017-18 तक और वित्त वर्ष 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार था। आंकड़ों के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात वित्त वर्ष 2024-25 में 100.5 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा था।



▶▶ वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर तक पहुंचा

▶▶ चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हुआ

